


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 24 जून 2026 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष -42 ■ अंक-087 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## वाशिंग पाउडर पैकेजिंग की आड़ में जर्दायुक्त गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़

■ तरुण छत्तीसगढ़

**दुर्ग। 24 जून.**जिले में वॉशिंग पाउडर की पैकेजिंग की आड़ में जर्दा युक्त गुटखा बनाने का खेल चल रहा था। पुलिस ने इस गोरखधंधे का पर्दाफाश करने के साथ ही फैक्ट्री को सील कर दिया है। पुलिस ने छापा मारकर गुटखा निर्माण में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल, पैकिंग का सामान और मशीनें को जब्त कर लिया है।



जांच में पता चला कि उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी मोहम्मद सानू ने निरमा पाउडर की पैकिंग का काम बताकर 15-20 दिन पहले गोदाम किराए पर लिया था। कुछ समय बाद उसने अपना मोबाइल बंद कर दिया। गोदाम मालिक ने उससे संपर्क करने की कई बार कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो सकी। गोदाम में संदिग्ध गतिविधियां नजर आने लगीं, जिसके बाद मकान मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की। पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मामला जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के कचांदूर गांव का है।

सुपेला निवासी मोहम्मद मुस्तफा का कचांदूर में एक गोदाम है। करीब 15 से 20 दिन पहले मोहम्मद सानू नामक युवक ने खुद को उत्तर प्रदेश का निवासी बताते हुए यह गोदाम किराए पर लिया था। गोदाम मालिक को बताया था कि गोदाम में निरमा पाउडर की पैकेजिंग का काम किया जाएगा। इसके लिए दोनों पक्षों के बीच बाकायदा किरायानामा तैयार किया गया था और आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया भी पूरी की गई थी। कुछ दिनों तक सब ठीक चलते रहा, इसी बीच किराएदार का मोबाइल बंद आने लगा। गोदाम मालिक ने पुलिस को बताया, इस बीच उससे कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो सकी। इसी दौरान गोदाम के आसपास संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने लगी।

परिसर में तैनात गार्ड ने भी मालिक को अंदर कुछ गड़बड़ी होने की आशंका जताई। आंशका गहराई तब मोहम्मद मुस्तफा ने जेवरा सिरसा चौकी पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गोदाम मालिक की मौजूदगी में ताला खोलकर जांच शुरू की। पुलिस ने मंगलवार रात गोदाम में रेड मारा। जांच के दौरान गोदाम के अंदर बड़ी मात्रा में जर्दा युक्त गुटखा बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल, पैकिंग सामग्री और मशीनें बरामद की गईं। मौके से मिक्सर मशीन, कटर मशीन समेत कई उपकरण जब्त किए गए। कई बोरियों में गुटखा बनाने का कच्चा माल मिला, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मामले की जानकारी मिलते ही खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग और जिला प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने पूरे कैंपस की जांच की और बड़ी मात्रा में सामग्री जब्त की। फैक्ट्री को सील कर दिया गया। फिलहाल जब्त सामान की जांच की जा रही है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि यहां कब से अवैध रूप से गुटखा बनाया जा रहा था। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया, गोदाम मालिक की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान गुटखा निर्माण से जुड़ा कच्चा माल और पैकिंग सामग्री बरामद हुई है। मामले में आगे की कार्रवाई फूड सेफ्टी विभाग की ओर से की जा रही है।

## संप्रेक्षण गृह से 11 बालक फरार

**अंबिकापुर,24 जून।** सरगुजा जिले के अंबिकापुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से एक घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। तेज बारिश और बिजली गुल होने की स्थिति का फायदा उठाते हुए 11 अपचारी बालक संप्रेक्षण गृह से फरार हो गए, जिसके बाद प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घटना के बाद पूरे शहर में अलर्ट जारी कर दिया गया है और फरार बालकों की तलाश के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, शाम के समय मौसम खराब होने के कारण इलाके में तेज बारिश हो रही थी। इसी दौरान बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। अंधेरे और अव्यवस्था का फायदा उठाकर अपचारी बालकों ने पहले संप्रेक्षण गृह की एक खिड़की को तोड़ा और फिर परिसर के पीछे की दीवार फांदकर मौके से निकल गए। घटना की भनक लगते-लगते सभी बालक काफी दूर जा चुके थे। सबसे बड़ी बात यह है कि घटना के समय मुख्य गेट पर सुरक्षा के लिए दो गार्ड तैनात थे। इसके बावजूद 11 बालकों का एक साथ फरार हो जाना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि फरारी की योजना पहले से तैयार की गई थी और मौसम का फायदा उठाकर उसे अंजाम दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही बाल संप्रेक्षण गृह के अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल गांधीनगर थाना पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पूरे परिसर का निरीक्षण किया। फरार बालकों की तलाश के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।

## पीएनबी घोटाले में तीन और गिरफ्तार

**नारायणपुर,24 जून।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) शाखा नारायणपुर में हुए करोड़ों की बैंकिंग व्यवस्था को झकझोर देने वाले बहुचर्चित धोखाधड़ी प्रकरण में नारायणपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फर्जी केवाईसी, निष्क्रिय खातों को दोबारा सक्रिय करने और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए 30 लाख 67 हजार 500 रुपये की हेराफेरी करने वाले गिरोह पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। पुलिस के अनुसार मामले में अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। नवीन कार्रवाई में अशोक जैन, सुनैना समुंद और रामकरण साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। मामले की विवेचना अभी भी जारी है और अन्य संदिग्धों की भूमिका की जांच की जा रही है। मामले का खुलासा तब हुआ जब पंजाब नेशनल बैंक शाखा नारायणपुर के शाखा प्रमुख मनीष कुमार सोनी ने 5 फरवरी 2026 को लिखित शिकायत दर्ज कराई। बैंक की आंतरिक जांच और विशेष ऑडिट में सामने आया कि बैंक में पदस्थ कर्मचारी गोपाल सिंह समुंद ने रिकवरी एजेंट एवं बीसी सेंटर संचालकों तिलकराम मंडावी और रामकरण साहू के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से बैंक खातों में गड़बड़ी की। जांच में पता चला कि वर्षों से निष्क्रिय पड़े खातों को पहले एक-एक रुपये जमा कर सक्रिय किया गया और बाद में खाताधारकों की जानकारी के बिना आधार लिंकिंग, फर्जी केवाईसी तथा अन्य दस्तावेज तैयार कर खातों से रकम निकाली गई। विशेष ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि 17 अगस्त 2024 से शुरू हुई इस धोखाधड़ी के जरिए 18 खातों से करीब 8.92 लाख रुपये की फर्जी निकासी की गई। जांच आगे बढ़ने पर धनराशि के अन्य खातों और लेन-देन की परतें खुलती गईं, जिससे कुल धोखाधड़ी की राशि 30.67 लाख रुपये तक पहुंच गई।

## गेस्ट लेक्चरर, संविदाकर्मी और दिहाड़ी महिला कर्मियों को भी मिलेगा मातृत्व अवकाश

**बिलासपुर, 23 जून।** महिलाओं के मातृत्व अधिकारों को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए कहा है कि मातृत्व लाभ केवल नियमित सरकारी कर्मचारियों तक सीमित नहीं है। दिहाड़ी मजदूर, मस्टर रोल कर्मचारी, संविदाकर्मी, अतिथि व्याख्याता (गेस्ट लेक्चरर) और अन्य अस्थायी महिला कर्मियों को भी मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के तहत पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश का अधिकार प्राप्त है।यह फैसला रायपुर की गेस्ट लेक्चरर शिल्पी शुक्ला की याचिका पर सुनाया गया है। शिल्पी नवंबर 2022 से शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें 13 सितंबर 2025 से मातृत्व अवकाश स्वीकृत किया गया था और 20 मार्च 2026 को उन्होंने पुनः कार्यभार ग्रहण किया।



**अवकाश अवधि का पूरे वेतन का होगा भुगतान**

अवकाश अवधि का वेतन प्राप्त करने के लिए उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग में आवेदन दिया, लेकिन विभाग ने यह कहते हुए भुगतान से इनकार कर दिया कि वे नियमित कर्मचारी नहीं हैं। इसके बाद शिल्पी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता नियमित कर्मचारी नहीं हैं, इसलिए उन्हें वित्तीय लाभ नहीं दिया जा सकता। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि मातृत्व लाभ एक वैधानिक और मानवीय अधिकार है, जिसे नियुक्ति की प्रकृति के आधार पर नकारा नहीं जा सकता।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के डॉ. कविता यादव तथा म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली बनाम फीमेल मस्टर रोल एम्प्लॉइज मामलों में दिए गए निर्णयों का उल्लेख किया। अदालत ने कहा कि मातृत्व लाभ महिला कर्मचारी की सेवा श्रेणी पर निर्भर नहीं करता, बल्कि यह उसका कानूनी अधिकार है। अदालत ने माना कि शिल्पी शुक्ला कॉलेज में नियमित प्राध्यापक की तरह ही शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन कर रही थीं। ऐसे में केवल गेस्ट कर्मचारी होने के आधार पर मातृत्व अवकाश का वेतन रोकना न केवल कानून के विरुद्ध है, बल्कि मानवीय दृष्टि से भी अनुचित है। हाईकोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता को मातृत्व अवकाश अवधि का पूरा बकाया वेतन तीन माह के भीतर भुगतान किया जाए।

## ईरान पर फिर भड़के ट्रंप; बोले- अब कोई समझौता नहीं होगा

**वाशिंगटन,24 जून।** शांति वार्ता के बीच ईरान और अमेरिका के बीच तनाव फिर बढ़ गया है। परमाणु जांच को लेकर ईरान-अमेरिका के बीच विवाद हो गया है। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर भड़क उठे। भड़के ट्रंप ने ईरान को कोई समझौता नहीं होने तक की धमकी दे डाली। दरअसल परमाणु ठिकानों की जांच पर ईरान ने कहा कि बमबारी वाली साइटों पर जांच की कोई तारीख तय नहीं है। ईरान के इस बयान पर डोनाल्ड ट्रंप भड़क गए। ट्रंप ने कहा कि ईरान समझौते की शर्तों से अच्छी तरह वाकिफ है, जिन पर चर्चा की जा रही है। जांच न होने पर हम बातचीत बंद कर देंगे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका द्वारा पिछले साल बमबारी की गई परमाणु साइटों की जांच के लिए कोई समय तय नहीं हुआ है। उन्होंने अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस के एक दिन पहले के बयान को खारिज कर दिया। दूसरी तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय परमाणु निरीक्षकों को ईरान में प्रवेश की परमिशन दी जाएगी। ईरान समझौते की शर्तों से अच्छी तरह वाकिफ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान जांच के लिए तैयार नहीं हुआ तो वे बातचीत तुरंत बंद कर देंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि जांच शुरू करने में जल्दबाजी नहीं है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि परमाणु निरीक्षण के बिना कोई समझौता नहीं होगा। परमाणु ठिकानों की जांच को लेकर विवाद तब सामने आया, जब स्विट्जरलैंड में यूएस ईरान के बीच शांति समझौते पर बातचीत चल रही थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस के दावे को खारिज करते हुए कहा कि यूएस की ओर से बीते साल की गई जिन परमाणु साइटों पर बमबारी की गई, उसकी जांच के लिए कोई टाइम फिक्स नहीं हुआ है। जबकि बीते सप्ताह दोनों देशों के बीच हुई डील के तहत ईरान यूरेनियम स्टॉक कम करने पर राजी हुआ है, वहीं इसके बदले में उस पर अमेरिकी प्रतिबंध हटाए जाएंगे।



## गांजा डीलर का पता नहीं बताया तो युवक को मार दिया चाकू

**धमतरी,24 जून।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां गांजा सप्लायर का पता नहीं बताने पर कुछ नशेड़ी युवकों ने एक नाबालिग पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। यह मामला भखारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, भखारा के भेंडरवानी गांव में दो युवक एक नाबालिग से गांजा सप्लाई करने वाले का पता पूछ रहे थे। नाबालिग ने उन्हें पता बताने से इनकार कर दिया। इसी बात से युवक तैश में आ गए और अपने साथ लाए चाकू से नाबालिग पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोपियों में से एक को धर दबोचा और उसकी बेदम पिटाई कर दी।घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है और अब पुलिस जांच में जुट गई है। लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या अब "ना" में जवाब देना भी जानलेवा बन गया है?

## उदंती में चीतल का शिकार

**शिकारी चढ़े वन विभाग के हत्थे! घर से मिला मांस, खून से सने तीर और शिकार का जखीरा**

**गरियाबंद,24 जून।** उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों के शिकार पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। ग्राम अमाड़ में चीतल के शिकार की गोपनीय सूचना पर एंटी पोचिंग टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के घर से चीतल के मांस की सब्जी, खून से सने तीर, खरगोश पकड़ने के फंदे, मयूर और बाज के पंख सहित बड़ी मात्रा में शिकार सामग्री बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम को सूचना मिली थी कि ग्राम अमाड़ में वन्यप्राणी का शिकार किया गया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम, डॉग स्क्वाड और उत्तर उदंती वन परिक्षेत्र के कर्मचारियों ने संयुक्त अभियान चलाया। सर्च वारंट के आधार पर नरेश कुमार भुजिया और बालाराम सोरी के घरों की तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान टीम को टिफिन में रखा चीतल के मांस का पकाया हुआ भोजन, खून से सने चार तीर, पांच फंदे, सात मयूर पंख, चार बाज पंख, दो धनुष, दो धनुष गुलेल और अन्य शिकार उपकरण मिले। बरामदगी के बाद दोनों आरोपियों



को पूछताछ के लिए वन परिक्षेत्र कार्यालय मैनपुर लाया गया। पूछताछ में आरोपी नरेश कुमार ने 17 जून को तारीपानी घाट क्षेत्र में तीर-धनुष से चीतल का शिकार करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद वन विभाग की टीम आरोपियों को घटनास्थल पर भी लेकर गई, जहां शिकार स्थल की पहचान कराई गई।

## भरण्डा में थमा धर्मांतरण विवाद

**नारायणपुर,24 जून।** जिले के ग्राम भरण्डा में धर्मांतरण विवाद को लेकर कई दिनों से बना तनाव मंगलवार देर रात प्रशासन की पहल पर समाप्त होता नजर आया। लगभग 12 घंटे तक चली मैराथन बातचीत और 14 अलग-अलग दौर की बैठकों के बाद आदिवासी समुदाय और समुदाय विशेष के ग्रामीणों के बीच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी। देर रात हुए समझौते के बाद गांव का माहौल सामान्य होने लगा तथा विवाद के चलते गांव से बाहर गए 26 परिवार अपने-अपने घरों की ओर लौटने लगे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे दिन गांव में डेरा डाले रखा। सुबह से लेकर रात करीब 12 बजे तक लगातार चर्चा, समझाइश और अलग-अलग बैठकों का दौर चलता रहा।



आखिरकार प्रशासन की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद गतिरोध समाप्त हो गया। जानकारी के अनुसार, भरण्डा गांव में धर्मांतरण को लेकर 9 जून से विवाद चल रहा था। इस दौरान मामला इतना बढ़ गया कि आदिवासी समाज और धर्मांतरित परिवारों के बीच तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। पिछले दिनों हजारों ग्रामीणों ने रैली निकालकर कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी दंपती को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा था, लेकिन गांव में तनाव बना हुआ था। मंगलवार को दोनों पक्ष कई बार आमने-सामने आए। कई मौकों पर तीखी बहस की स्थिति भी बनी, लेकिन प्रशासन और पुलिस ने लगातार हस्तक्षेप कर माहौल को नियंत्रण में रखा। अधिकारियों ने दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग तथा संयुक्त बैठकों का दौर चलाया। करीब 12 घंटे की चर्चा के बाद देर रात सहमति बनी और विवाद सुलझ गया। विवाद के दौरान सामाजिक तनाव के कारण गांव छोड़कर गए 26 परिवार गांव में ही अस्थायी रूप से अन्य स्थान पर थे। प्रशासन की मध्यस्थता और दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति के बाद अब ये परिवार वापस अपने-अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। गांव में सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास भी शुरू हो गए हैं।

## बस्तर के 30 छात्रों को आईआईटी मद्रास में मिलेगा सेमीकंडक्टर तकनीक का प्रशिक्षण

**जगदलपुर,24 जून।** बस्तर संभाग के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में एक नई उम्मीद की किरण जगी है। पहली बार बस्तर के 30 मेधावी छात्रों को देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में सेमीकंडक्टर चिप मैन्युफैक्चरिंग की विशेष ट्रेनिंग लेने का अवसर मिलेगा। यह पहल न केवल छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकों से परिचित कराएगी, बल्कि उन्हें भविष्य के हाई-टेक रोजगार बाजार के लिए भी तैयार करेगी।

जानकारी के अनुसार, आईआईटी मद्रास में 12 जुलाई से 24 जुलाई तक आयोजित होने वाले विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए बस्तर विश्वविद्यालय के छात्रों का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटरनल टेस्ट की मेरिट सूची के आधार पर पूरी होगी। इसमें चयनित 30 छात्र पहली बार हवाई यात्रा कर चेन्नई पहुंचेंगे और देश के शीर्ष तकनीकी संस्थानों में से एक आईआईटी मद्रास में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन भी उत्साहित है। चयनित छात्रों को राज्यपाल



की मौजूदगी में रवाना किया जाएगा। खास बात यह है कि छात्रों की हवाई यात्रा का पूरा खर्च दंतेवाड़ा जिला प्रशासन वहन करेगा, जबकि इस पहल को सफल बनाने में बस्तर कलेक्टर का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। बस्तर विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को सेमीकंडक्टर चिप निर्माण, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस डेटा ट्रांसफर सिस्टम और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। यह प्रशिक्षण छात्रों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल विकसित करने में मदद करेगा। प्रशिक्षण का एक बड़ा लाभ रोजगार के अवसरों के रूप में भी सामने आ सकता है। रायपुर में स्थापित हो रही गैलियम नाइट्राइड (GaN) आधारित 5G और 6G डेटा ट्रांसफर टेक्नोलॉजी कंपनी में प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं बनने की उम्मीद है। ऐसे में यह कार्यक्रम बस्तर के छात्रों को सीधे उभरती हुई सेमीकंडक्टर और दूरसंचार उद्योग से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बस्तर के लिए यह पहल एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे न केवल क्षेत्र के युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों और उद्योगों तक उनकी पहुंच भी मजबूत होगी।

## इस्पात संयंत्र में ब्लास्ट,4 मजदूर घायल

**रायगढ़,24 जून।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से बड़ी खबर सामने आई है। पूंजी पथरा स्थित रायगढ़ इस्पात संयंत्र में फर्नेस ब्लास्ट हुआ है, जिसकी चपेट में आने से करीब 4 मजदूर घायल हो गए हैं। सभी घायलों को तत्काल अपेक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, फर्निश में अधिक नमी (मॉइश्चर) जमा हो जाने के कारण ब्लास्ट होने की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायलों में अमरेश कुमार, फिरोज आलम खान और रामनाथ सूर्यवंशी (जांजगीर-चांपा) शामिल हैं, जबकि एक अन्य घायल की पहचान अभी नहीं हो सकी है। सभी घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर और खतरे से बाहर बताई जा रही है, हालांकि इनमें से दो घायलों को बेहतर उपचार के लिए रेफर करने की तैयारी है। रायगढ़ इस्पात के जीएम सुनील पांडा ने कहा कि बरसात के समय में फर्नेस में रॉ मैटेरियल के कारण नमी (मॉइश्चर) आ जाता है। नमी आने की वजह से जब फर्नेस हिट होता है तो कभी-कभी उसमें गैस का फॉर्मेशन हो जाता है। गैस ऊपर निकलने के कारण धुआं काफी फैल गया और आसपास मौजूद मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान ऊपर कार्य कर रहे कुछ मजदूरों ने घबराहट में इधर-उधर छलांग लगा दी, जिसकी वजह से उन्हें चोटें आई हैं। उन्होंने ब्लास्ट होने की बात से इनकार किया है और कहा कि यह घटना अफरा-तफरी के कारण हुई है। इस घटना में करीब चार लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद उद्योग प्रबंधन के अधिकारी अपेक्स अस्पताल में मौजूद हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं मौके पर औद्योगिक स्वास्थ्य विभाग की टीम और पुलिस भी पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

# सड़क पर अतिक्रमण और सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम ने लगाया जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 24 जून।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्ड क्रमांक 04 कोसा नगर तथा वार्ड क्रमांक 17 आकाशगंगा क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। अभियान के दौरान सड़क पर सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाया गया।

इसमें मौर्या ट्रेडर्स पर 4 हजार रुपये, सतगुरू ट्रेडर्स पर 4 हजार रुपये तथा अभिषेक गुप्ता पर 2 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं भंडारण पाए जाने पर नंदकुमार साह से 1 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी क्रम में सीएम पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर वार्ड क्रमांक 18 कांट्रेक्टर कॉलोनी स्थित चौहान प्लाजा कॉम्प्लेक्स में संचालित चार्ट सेंटर का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान संचालक आनंद गुप्ता के प्रतिष्ठान में सिंगल यूज प्लास्टिक ग्लास का उपयोग, अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) का अभाव तथा साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर निगम की टीम ने 7 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की। साथ ही बिना वैध लाइसेंस के दुकान संचालन नहीं करने की समझाइश भी दी गई। अभियान के तहत नगर निगम द्वारा कुल 18 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पांगरी स्कूल में कराया गया योग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 24 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला पांगरी के छात्र छात्राओं,शिक्षक शिक्षिकाओं तथा ग्रामीण जनों की उपस्थिति में प्रातः 07ः00 बजे से योगासन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें योगाचार्य के रूप में प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू द्वारा योग प्रार्थना से प्रारंभ कर शिथिलीकरण के साथ ग्रीवा ,स्कंध,कटि, घुटनाचालन , ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन , अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन , दण्डासन,भद्रासन, वज्रासन , शशांकासन,अर्ध उष्ट्रासन , उष्ट्रासन , वक्रासन,उत्तानमन्डुकासन,मकरासन,भुजंगासन ,शलभासन, सेतुबंध , उत्तानपादासन , पवनमुक्तासन , शवासन आदि लगभग 24आसन की क्रिया कराये गये एवं 4 प्रणायाम कपालभाति , शीतली ,शीतकारी , भ्रामरी प्राणायाम कराये गये ,ध्यान-योग , शांति पाठ आदि क्रियाएं सहज एवं सरल ढंग कराते हुए उनके लाभ हानि एवं सावधानियों पर चर्चा कर जानकारी दी गई। उपस्थित सभी जनों ने खुद के प्रति , कुटुम्ब, समाज और विश्व के प्रति शांति के लिए वचनबद्ध का संकल्प लेते हुए स्वास्थ्य लाभ का आनन्द लिया।

## एक नजर

### अवैध शराब मामले में 6 गिरफ्तार



**भिलाई, 24 जून (तछसं.)।** भिलाई नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना उतई, रानीतराई, खुर्सीपार एवं छावनी क्षेत्र में 05 अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है इस कार्रवाई के दौरान कुल 297 पौवा, 14 बोतल अवैध शराब, बिक्री की रकम 20,780 रुपये तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की गई है। ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि थाना रानीतराई पुलिस ने आरोपी नोगेंद्र बंजारे को अवैध शराब बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे से 138 पौवा शोले प्लेन, 42 पौवा शोले मसाला एवं 23 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब कुल 203 पौवा तथा बिक्री रकम 700 रुपये जब्त की गई है थाना खुर्सीपार क्षेत्र में आरोपी मुबारक हुसैन के कब्जे से 32 पौवा अवैध शराब एवं बिक्री रकम 6,000 रुपये जब्त की गई थाना छावनी क्षेत्र में आरोपी शुभम तागड़े के कब्जे से 14 बोतल शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपये जब्त की गई वहीं थाना उतई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतोरा में आरोपी पुरेंद्र ठाकुर एवं शिवराम यादव को मोटर साइकिल में 32 पौवा अवैध शराब परिवहन करते हुए पकड़ा गया। मुक्तिधाम रोड पतोरा से आरोपी दिलेश कुमार पारधी के कब्जे से 30 पौवा अवैध शराब जब्त की गई उक्त सभी मामलों में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है ।

### युवक से 5 हजार रुपए छीन लिए

**भिलाई, 24 जून (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र के शो रुम से सैलेरी लेकर घर लौट रहे एक युवक का रास्ता रोककर कुछ बदमाश शराब पीने पैसे मांगे। नहीं देने पर उसके साथ मारपीट कर उसके पेंट के जेब से 5 हजार रुपए छीनकर भाग गए। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 115 (2), 119 (1),296, 3(5), 304, 324, 351 (3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि श्रीमती जमुना बाई जोशी (40 साल ) निवासी राजीव नगर रोजी मजदूरी का काम करती है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका लड़का कुलेश्वर कुमार जोशी जो होण्डा शो रूम सुपेला में सर्विसिंग का काम करता है 19 जून को 7.30 बजे अपने होण्डा शो रूम सुपेला से काम कर एवं अपना सैलेरी लेकर घर राजीव नगर अपने पल्सर मोटर साइकिल से आ रहा था। गौतम नगर खुर्सीपार चौक के पास पहुंचा था। वहां पर पूर्व से खड़े कृषि नेपाली अपने अन्य साथी के साथ प्रार्थिया के लड़के से शराब पीने के लिये पैसे की मांग करने लगे। तब प्रार्थिया का लड़का कहा कि उसके पास पैसा नहीं है तो गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते बेस बाल बल्ला से मारपीट की और प्रार्थिया के लड़के के पेमेंट 5000 रूपये को छीन लिया वहीं प्रार्थिया के लड़के के मोटर साइकिल एवं मोबाइल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से तोड़फोड़ की है।

### आपसी रंजिश में दुकानदार पर हमला

**भिलाई, 24 जून (तछसं.)।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के पुरानी रंजिश के चलते नशा दुकान संचालक पर देर रात चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले सुपेला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसका इलाज जारी है पुलिस ने बताया कि अन्नू यादव (35 साल ) निवासी वार्ड 29 वृंदानगर अपने मोहल्ले के सामने ही नाश्ते की दुकान संचालित करता है। बताया जा रहा है कि देर रात कुछ लोगों ने उस पर एक के बाद एक कई चाकू से वार किए इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया? सूचना मिलते ही वैशाली नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी पुलिस हमलावरों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी हुई है।

### महिला ने घर में खुदकुशी कर ली

**भिलाई, 24 जून (तछसं.)।** दुर्ग मोहन नगर थाना क्षेत्र के उरला निवासी एक महिला ने मंगलवार की दोपहर को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मर्चुरी पहुंचाया मर्ग कायम कर पुलिस विवेचना कर रही है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि उरला निवासी लक्ष्मी देवांगन (36 साल ) पति महेंद्र देवांगन ने दोपहर को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी है जब अपने कमरे से काफी देर तक बाहर नहीं निकली तब घरवालों ने खिड़की से देखा तो वह फांसी पर लटकी हुई थी पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी देवांगन मानसिक रूप से अस्वस्थ थी मामले की जांच की जा रही है।

# समय निर्धारण के बावजूद पुराने ढर्रे पर पशु औषधालय,ड्यूटी व्यवस्था पर भी उठे सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 24 जून।** पशु चिकित्सा एवं पशुधन सेवाओं को अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पशुधन विकास विभाग द्वारा राज्यभर की मैदानी चिकित्सा संस्थाओं के संचालन का नया समय निर्धारित किए जाने के बावजूद सुपेला स्थित शासकीय पशु चिकित्सालय (पशु औषधालय) में अभी भी पुराने समय-सारिणी के अनुसार कार्य किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे पशुपालकों को निर्धारित समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और विभागीय आदेशों के पालन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, इस पशु औषधालय को लेकर पूर्व में भी कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि औषधालय में पदस्थ चिकित्सक के रूप में डॉ. चन्द्रकिरण गायकवाड़ की नियुक्ति है, जबकि मौके पर नियमित रूप से गेंदलाल बंजारे द्वारा ड्यूटी किए जाने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि गेंदलाल बंजारे की नियुक्ति मुख्य ग्राम इकाई में है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि यदि यह स्थिति सही है तो विभागीय व्यवस्था और कार्य विभाजन के नियमों का पालन किस प्रकार किया जा रहा है तथा इस ओर संबंधित अधिकारियों का ध्यान क्यों नहीं जा रहा है ? गौरतलब है कि पशुधन विकास विभाग द्वारा हाल ही में जारी आदेश के अनुसार राज्य के सभी पशु चिकित्सालय, पशु औषधालय, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र, कृत्रिम गर्भाधान उपकेंद्र तथा मुख्य ग्राम इकाइयों का संचालन निर्धारित समयानुसार किया जाना अनिवार्य किया गया है। आदेश के तहत सामान्य दिनों में इन संस्थाओं का संचालन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा शासकीय अवकाश के दिनों में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाना है। पशुधन विकास विभाग के उप सचिव द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह व्यवस्था पशु चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी, सुलभ और समयबद्ध बनाने के लिए लागू की गई है। साथ ही सभी संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों एवं विभागीय अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके बावजूद सुपेला स्थित शासकीय पशु चिकित्सालय में नई समय-सारिणी का पालन नहीं किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय पशुपालकों का कहना है कि चिकित्सालय में अब भी पुराने समय के अनुसार कार्य किया जा रहा है, जिससे उन्हें उपचार, परामर्श, टीकाकरण तथा अन्य पशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालकों ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की जांच कर निर्धारित समय-सारिणी के पालन को सुनिश्चित करने तथा ड्यूटी व्यवस्था से जुड़े तथ्यों को स्पष्ट करने की मांग की है।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांगरी में मनाया प्रवेश उत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 24 जून।** शासन के आदेशानुसार संकुल गोरकापार, विकास खण्ड गुण्डरदेही जिला बालोद के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांगरी में शाला खुलने के प्रथम दिवस प्रवेश उत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों,पालकों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों के द्वारा कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने वाले नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल तिलक लगाकर, उंगलियों के निशान लेकर, पुष्प भेंट कर मुह मीठा कराते हुए निः शुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। संस्था प्रमुख प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू ने अपने पुत्र लक्ष्मी नारायण साहू के जन्मदिन पर आंशिक रूप से न्योता भोज कराया। साथ ही बच्चों को नियमित रूप से शाला में उपस्थिति देने, पढ़ाई में ध्यान देने एवं शाला अनुशासन में रहने का सुझाव दिया। उपस्थित सभी जनों ने प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

# अंजुमन हुसैनिया के मानव सेवा के सारे काम सराहनीय : इंद्रजीत सिंह छोटू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 जून।** अंजुमन हुसैनिया कमेटी खुर्सीपार में मुहर्रम के आयोजन जारी हैं। यहां एक तरफ इलाहाबादी पंचायती ताजिया के बैनर तले इमामबाड़ा में ताजिया बनाने का काम अंतिम चरण में है, वहीं रोजाना रात में बाद नमाज ईशा तकरीर हो रही है और इसके बाद आम लंगर जारी है। इसी कड़ी में रविवार 21 जून को औरतों के लिए तकरीर, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर और दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में दोपहर में सिमगा से आईं आलिमा शाहना नूरी की तकरीर हुई। जिसमें आलिमा नूरी ने कर्बला के वाकयात बताए। रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर और दंत चिकित्सा शिविर के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू उपस्थित थे। उन्होंने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मुहर्रम का संदेश हमें त्याग, बलिदान, मानवता और आपसी भाईचारे की प्रेरणा देता है। अंजुमन हुसैनिया की मानव सेवा से जुड़ी पहल की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि समाज की एकता, सद्भाव और जनसेवा के ऐसे प्रयास निरंतर आगे बढ़ते रहे, यही कामना है। शिविर में हिस्सा लेने वाले रक्तदाताओं को आयोजन समिति की ओर से इन्द्रजीत सिंह छोटू ने हेलमेट व प्रमाणपत्र दिए। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर गनी खान, शाहिद अहमद रज्जन, जहीर खान, इमरान खान, सैयद जमशेद अली, अंजुम अली, नसीम खान, शाहीन खान, शाहीर बानो, फरीदा बानो, रूबी अंजुम, सीमा बानो, फातिमा खातून, अमीना खातून, स्वालेहा खातून, राशिदा, शबनम शेख, सोगरानिसा और नजमा बेगम शामिल रहे। आयोजन को कामयाब बनाने में कमेटी के सदर हुसैन अली अशरफी के साथ कमालुद्दीन अशरफी, मुश्ताक अली, मोहम्मद कुद्दूस, बशीर अली, मोहम्मद शकील, शेरे बशीर, अकरम, अरशद अय्यूब, आरिफ अय्यूब, अरशद अली, अशफाक अली, मोहम्मद सगीर, अहमद रज़ा, मोहम्मद तुफैल, राशिद, तौहीद अली, साहिल, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद साजिद, मुमताज अली, राज मोहम्मद, रमजान अली, रिंकू और जावेद शेख सहित तमाम लोगों की भागीदारी रही।

### गर्भस्थ शिशु में माता के व्यवहार से गुण विकसित होते हैं: सेमेंद्र साहेब

**अंवरी,24 जून।** सदगुरु कबीर जी सामाजिक आंदोलन के प्रणेता है. उन्होंने धार्मिक आडंबर का विरोध किया और अपने दोहों के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त करने का साधन बनाया. माता गर्भावस्था के समय जैसे आचरण करती है,व्यवहार करती है वैसे ही गुण गर्भस्थ शिशु में विकसित होते हैं. उन्होंने कहा कि आज कथा वाचको से कथा सुनते हैं और माताएं भी वैसे ही व्यवहार करती हैं.उपरोक्त बातें एससी एसटी ओबीसी समाज द्वारा आयोजित सदगुरु कबीर जयंती समारोह के अवसर पर ग्राम भाटापारा बगौद में नवापारा राजिम कबीर आश्रम से पधारे संत साहेब सेमेद्र दास जी ने कहीं. उन्होंने कबीर की वाणी को आज भी प्रासंगिक बताया.कार्यक्रम की शुरुआत में सदगुरु कबीर दास, गुरु घासीदास जी, संत माता कर्मा, बिरसा मुंडा, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तैल चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कबीर वंदना की गई. इस अवसर पर संत साहेब हेमेंद्र दास जी ने कहा कि वर्णवाद और जातिवाद हिंदू धर्म की रीड है.कबीर दास जी ने इसका खुलकर विरोध किया।

## बदलते दौर में नेतृत्व कौशल निखारने बीएसपी की पहल




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 24 जून। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा राजहरा स्थित माइन वेस्टिब्यूल ट्रेनिंग सेंटर में दो दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यशाला आयोजित की गई। सेल के पूर्व निदेशक डॉ. शोएब अहमद एवं नेतृत्व प्रशिक्षक आरती शर्मा ने नेतृत्व कौशल, टीम निर्माण, प्रभावी संवाद और परिवर्तन प्रबंधन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसकी नेतृत्व क्षमता और मानव संसाधन पर निर्भर करती है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को समूह गतिविधियों और केस स्टडी के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहेरवार के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

# अनाधिकृत कब्जों एवं सड़क अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 24 जून।** बीएसपी के प्रवर्तन विभाग द्वारा टाउनशिप में अनाधिकृत कब्जों एवं अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सेक्टर-6 मार्केट चौक तथा आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सेक्टर-6 मार्केट चौक के समीप सड़क किनारे सामग्री फैलाकर व्यवसाय संचालित करने वाले व्यक्तियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान छह अस्थायी शेड भी हटाए गए। अनफिट ब्लॉक में अवैध रूप से कब्जा कर रहने वाले व्यक्तियों के कारण मार्ग संकरा होने की स्थिति का भी संज्ञान लिया गया। पूर्व में दिए गए निर्देशों एवं समझाइश के बावजूद कब्जा नहीं हटाए जाने पर नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से उक्त परिसर की अवैध विद्युत आपूर्ति विच्छेदित कर दी गई। संबंधित कब्जाधारियों को पुनः निर्देशित किया गया कि वे शीघ्र ही स्वेच्छा से कब्जा खाली करें। साथ ही संबंधित कार्यदल को उक्त ब्लॉक के प्रस्तावित ध्वस्तीकरण कार्य के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए गए। सेंट्रल एवेन्यू से सेक्टर-6 मार्केट जाने वाले मार्ग तथा चौक क्षेत्र में दिन के समय ठेले खड़े छोड़ने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।


## कर्मचारी नगर में सामूहिक योगाभ्यास में महिलाओं,बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**दुर्ग, 24 जून।** कर्मचारी नगर में विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जागृति महिला समिति, आदर्श महिला समिति एवं नटराज फिटनेस एंड डांस अकैडमी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें कॉलोनी की महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।जागृति महिला समिति की अध्यक्ष सविता रजनीश वर्मा ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली का भी आधार है। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं शिक्षित और स्वस्थ रहेंगी तो परिवार, समाज, राज्य और देश भी स्वस्थ एवं सशक्त बनेगा। उन्होंने सभी महिलाओं से नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।आदर्श महिला समिति की अध्यक्ष इंदु ढोक ने महिलाओं को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा अधिक से अधिक संख्या में योग गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं नटराज फिटनेस एंड डांस अकैडमी की संचालिका पी. अर्निका ने योगाभ्यास का संचालन करते हुए विभिन्न योगासनों एवं उनके लाभों की जानकारी दी तथा सभी प्रतिभागियों को योग की सही विधि का अभ्यास कराया।कार्यक्रम में टी. पदमा, अनीता, पूर्णिमा, राजश्री, बबीता, किरण, इंदु जैन, अनु, इला, मीना, हेमलता भारती, स्मिता, वंदना, तान्या, राधिका, रुक्मणी, वैशाली, मंजू वासनिक, संगीता, सुनीता सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी की महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य, जागरूकता एवं सामूहिक सहभागिता का प्रेरणादायी संदेश दिया गया।

# मोहर्रम के लिए निगम का विशेष अभियान, ताजिया के मार्गों से हटाई जा रहीं बाधाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 24 जून।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई ने विशेष अभियान शुरू कर दिया है। ताजिया जुलूस के मार्गों पर आने वाली सभी बाधाओं को हटाने के साथ ही साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न मोहल्लों, गलियों और मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर झुकी हुई पेड़ों की डालियों की कटाई की जा रही है। इसके अलावा मार्गों में लगाए गए तोरण, बैनर तथा अन्य अवरोधों को भी हटाया जा रहा है, ताकि ताजिया जुलूस के दौरान किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी जोन आयुक्तों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि मोहर्रम पर्व के मद्देनजर ताजिया मार्गों का विशेष निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की बाधा को तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने जुलूस मार्गों एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। निगम प्रशासन ने सभी जोनों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती कर तैयारियां तेज कर दी हैं। संबंधित अधिकारियों को ताजिया मार्गों पर लगातार निगरानी रखने, आवश्यकता अनुसार पेड़ों की शाखाओं की छंटाई कराने, अवरोधों को हटाने तथा स्वच्छता कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## एक नजर

### वेदांता एल्युमीनियम बनी स्वतंत्र सूचीबद्ध कंपनी

**रायपुर, 24 जून।** वेदांता एल्युमीनियम मेटल लिमिटेड ने वेदांता समूह के डीमर्जर के बाद एक स्वतंत्र कंपनी के रूप में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कारोबार शुरू कर दिया है। कंपनी अब पूरी तरह एल्युमीनियम व्यवसाय पर केंद्रित होगी, जिससे उसे अधिक रणनीतिक लचीलापन और विकास के नए अवसर मिलेंगे। भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वर्तमान में देश के कुल एल्युमीनियम उत्पादन में लगभग 50 प्रतिशत योगदान देती है और 60 से अधिक देशों में अपने उत्पादों की आपूर्ति करती है। कंपनी ने अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 60 लाख टन प्रतिवर्ष (रुङ्कक्क) करने का लक्ष्य रखा है। ओडिशा के लांजीगढ़ में विश्व की प्रमुख एल्यूमिना रिफाइनरियों और झारसुगुड़ा में बड़े एल्युमीनियम स्मेल्टर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ स्थित बाल्को भी कंपनी का हिस्सा है। कंपनी वैल्यू-एडेड उत्पादों जैसे बिलेट्स, वायर रॉड्स, फाउंड्री अलॉय और रोल्ड प्रोडक्ट्स पर विशेष जोर दे रही है, जिनका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस, रक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में होता है। भविष्य में इसके कुल पोर्टफोलियो में वैल्यू-एडेड उत्पादों की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। वेदांता एल्युमीनियम लो-कार्बन एल्युमीनियम रेंज 'रेस्टोरा' के विस्तार, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता और रीसाइक्लिंग जैसी सस्टेनेबिलिटी पहलों पर भी तेजी से काम कर रही है। कंपनी के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि स्वतंत्र सूचीबद्ध कंपनी बनने से वेदांता एल्युमीनियम को वैश्विक स्तर पर अग्रणी धातु कंपनी बनने की दिशा में नई गति मिलेगी और भारत को विनिर्माण शक्ति बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

### कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने दिव्यांग पीताम्बर को दिया लैपटॉप



**बलौदाबाजार,24 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर जनदर्शन लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का माध्यम के साथ ही संवेदनशील पहल का मिसाल भी बनता जा रहा है।इसी कड़ी में मंगलवार को जनदर्शन में कुलदीप शर्मा ने दृष्टि बाधित दिव्यांग पीतांबर बंजारे को आगे की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के एक लैपटॉप प्रदान किया। ग्राम लरिया निवासी 23 वर्षीय पीताम्बर बंजारे ने अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लैपटॉप उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। जन्म से ही दोनों आंखों से दृष्टिबाधित पीताम्बर ने अपनी कठिन परिस्थितियों के बावजूद शासकीय दृष्टिहीन एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, मठपुरैना से 12वीं की शिक्षा पूर्ण की तथा दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर से बीए अंतिम वर्ष उत्तीर्ण किया है। वर्तमान में वे एमए में प्रवेश लेने की तैयारी के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे हैं। युवक की लगन, शैक्षणिक उपलब्धियों एवं भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सीएसआर मद से उसे लैपटॉप उपलब्ध कराया। लैपटॉप प्राप्त करने के बाद पीताम्बर बंजारे ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें अध्ययन सामग्री तक पहुंचने, ऑनलाइन पढ़ाई करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने इस सहयोग के लिए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जिले में अब तक 20.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार, 24 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 23 जून 2026 तक 20.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील पलारी में 36.9मिमी, टुण्डरा में 28 मिमी, भाटापारा में 26.7मिमी, सिमगा में 26.8 मिमी, सोनाखान4.9 मिमी, लवन 5.3 मिमी,कसडोल9.3 मिमी,सुहेला 37.5मिमी एवं बलौदाबाजार में 12 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 187.4मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 20.8 मिमी है।

### शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 24 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के कड़े और कुशल निर्देशन में महिला अपराधों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और अंततः आत्महत्या के लिए विवश करने वाले आरोपी अभिषेक कुमार जायसवाल को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी साली जो कि एक शासकीय स्कूल में व्यावसायिक शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी तथा बलौदाबाजार में किराए के मकान में रहती थी। ?उसी मकान के बगल वाले कमरे में आरोपी अभिषेक कुमार जायसवाल भी रहता था। आरोपी अभिषेक द्वारा मृतिका को अपने प्रेमजाल में फंसाया गया और शादी करने का झांसा देकर पिछले 05 महीनों से लगातार दुष्कर्म किया गया, जिससे मृतिका गर्भवती हो गई। जब मृतिका ने आरोपी पर शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी अपनी बात से मुकर गया और उसे गाली-गलौज व मारपीट करते हुए गंभीर रूप से मानसिक प्रताड़ित करने लगा। आरोपी की इसी प्रताड़ना और धोखे से तंग आकर दिनांक 22.06.2026 को मृतिका द्वारा अपने कमरे में पंखे से फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया।

# बलौदाबाजार प्रेस क्लब का स्थापना दिवस एवं पत्रकार सम्मान समारोह 24 जून को

- कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा सहित गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक इंद्र साव, संदीप साहू आदि कई वरिष्ठ नेता होंगे शामिल
- जिलेभर से लगभग 100 पत्रकारों का होगा सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार 24 जून।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पत्रकारों के सम्मान, एकता और पत्रकारिता के मूल्यों के संरक्षण को समर्पित बलौदाबाजार प्रेस क्लब का स्थापना दिवस इस वर्ष 24 जून 2026, बुधवार को भव्य एवं गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि प्रदेश सरकार के राजस्व आपदा व पुनर्वास एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा एवं अध्यक्षता करेंगे नरेश गनशानी अध्यक्ष बलौदाबाजार प्रेस क्लब साथ ही गौरीशंकर अग्रवाल पुर्व विधानसभा अध्यक्ष, इंद्र साव विधायक भाटापारा, संदीप साहू विधायक कसडोल, अध्यक्ष जिला पंचायत आकांक्षा जायसवाल, अध्यक्ष नगरपालिका अशोक जैन, भारत स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव होंगे विशेष अतिथि, स्थानीय जिला ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले इस विशेष समारोह में जिले भर के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों तथा विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति रहेगी।

शाम 5 बजे से प्रारंभ होने वाले इस आयोजन को लेकर पत्रकार जगत में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बलौदाबाजार प्रेस क्लब द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं और आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह का उद्देश्य केवल संगठन का वार्षिक उत्सव मनाना नहीं, बल्कि पत्रकारिता के प्रति सम्मान व्यक्त करना, मीडिया कर्मियों के योगदान को रेखांकित करना और समाज में उनकी भूमिका को नई पहचान दिलाना है। कार्यक्रम में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े पत्रकारों के साथ-साथ प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवं स्वतंत्र पत्रकारों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है। समारोह का मुख्य आकर्षण पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट, निष्पक्ष और जनहितकारी कार्य करने वाले पत्रकारों का सम्मान होगा। ऐसे पत्रकार जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी सत्य को सामने लाने और समाज की आवाज़ बनने का कार्य किया है, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि यह सम्मान न केवल पत्रकारों के योगदान को रेखांकित करेगा, बल्कि युवा पत्रकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा।

कार्यक्रम में पत्रकारिता की वर्तमान चुनौतियों, बदलते मीडिया परिदृश्य, डिजिटल युग में पत्रकारों की जिम्मेदारियों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में मीडिया की भूमिका पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे और पत्रकारिता के भविष्य पर सार्थक चर्चा होगी। बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने अपने संदेश में कहा है कि पत्रकार समाज और शासन के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करते हैं। वे जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के साथ-साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में पत्रकारों के योगदान का सम्मान करना पूरे समाज का दायित्व है।

# जिपं अध्यक्ष अरुण ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं,सीएम एवं वन मंत्री तक मांगें पहुंचाने का दिलाया भरोसा

- नदी नाले पार कर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतिम छोर ग्राम रिसगांव क्षेत्र ग्रामीणों की समस्याओं पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने की चर्चा, विकास के लिए समन्वित प्रयासों का दिया आश्वासन



**नगरी 24 जून।** धमतरी जिले के अंतिम छोर नगरी विकास के सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व एवं अभ्यारण्य क्षेत्र के करीब 42 गांवों के आदिवासी ग्रामीणों द्वारा मूलभूत सुविधाओं, संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण तथा विभिन्न लंबित मांगों को लेकर किए जा रहे जिसमें दूसरे दिन गांव में लोगों के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने ग्राम रिसगांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए शासन-प्रशासन स्तर पर प्रभावी पहल करने का आश्वासन दिया।ज्ञात हो कि 22 जून को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के हजारों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। आंदोलन को किसान मजदूर संघर्ष समिति, अभ्यारण संघर्ष समिति बोराई क्षेत्र, अभ्यारण संघर्ष समिति बहीगांव उदंती क्षेत्र सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की मांग प्रमुखता से उठाई।

आंदोलन के दूसरे दिन आयोजित चर्चा के लिए दौरान कर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा कच्ची रोड,नदी नाले पार करते हुए ग्रामीणों के बीच गांव में पहुंचे कहा कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जाएगी। सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, पेयजल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। साथ ही ईको-टूरिज्म, जंगल सफारी एवं होम-स्टे जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देकर स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। साथ हम सब मिल कर काम करेंगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र की मांगों और समस्याओं को मुख्यमंत्री तथा वन मंत्री तक पहुंचाया जाएगा तथा प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात कर ग्रामीणों की वास्तविक स्थिति और आवश्यकताओं से अवगत कराया जाएगा।

जिला पंचायत वन सभापति अजय धुव ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र के निवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं और जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा उठाई गई सड़क, पुल-पुलिया, बिजली एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को शासन एवं प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा, ताकि क्षेत्र के लोगों को आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की आवाज बनकर उनकी मांगों को संबंधित विभागों तक पहुंचाने और समाधान के लिए सकारात्मक पहल करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

चर्चा के दौरान सरपंच चंद्रकुमार आगवानी, सरपंच बीरबल पद्माकर, पंचम कश्यप, हरेराम भंडारी, उपसरपंच कुबेर भंडारी, धनेश मरकाम, मोती कोमरा, गणपत नेताम, धरमु नाग, प्रभाष नाग, शीतल नेताम, बंधन नेताम, रामसिंह, मोतीराम, सुखचंद नेताम, विधान सिंह नेताम, सुकालू सहित ग्राम पंचायत करही एवं रिसगांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत वन सभापति अजय धुव, जनपद पंचायत सदस्य राजू गोसाई, बबलू साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष के समक्ष अपनी अपेक्षाएं रखीं तथा त्वरित कार्रवाई की उम्मीद जताई। जिसमें उन्होंने बताया कि रेंजर के द्वारा हमारे गांव में आवास निर्माण होते थे जिसमें जनपद पंचायत सीईओ को आवास स्वीकृत न करें रेंजर के द्वारा कहा गया है जिसमें ग्रामीणों ने कहा है रेंजर के द्वारा भेदभाव हमें सरकारी योजना से वंचित कर रहे है।

## पिता का संकल्प, बच्चे का सुरक्षित और सफल भविष्य

**रायपुर 24 जून।** एसबीआई लाइफ का स्मार्ट प्लैटिना यंग अचीवर, हर पिता अपने बच्चे के सपनों को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत करता है। बच्चों की उच्च शिक्षा, करियर, बिजनेस या अन्य महत्वपूर्ण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए केवल प्रोत्साहन ही नहीं, बल्कि मजबूत वित्तीय योजना भी आवश्यक होती है। बदलते समय और बढ़ती जरूरतों के बीच माता-पिता ऐसे विकल्पों की तलाश कर रहे हैं, जो बचत के साथ-साथ भविष्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।

इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए एसबीआई लाइफका स्मार्ट प्लैटिना यंग अचीवर चाइल्ड इंश्योरेंस प्लान माता-पिता को अपने बच्चों के भविष्य के लिए मजबूत वित्तीय आधार तैयार करने का अवसर देता है। यह योजना बचत और सुरक्षा दोनों का संतुलित संयोजन प्रदान करती है, जिससे बच्चे के महत्वपूर्ण जीवन लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता मिलती है।

इस योजना की सबसे बड़ी खासियत गारंटेड मैच्योरिटी बेनिफिट है, जो बच्चे की उच्च शिक्षा, करियर, व्यवसाय या शादी जैसे महत्वपूर्ण पड़ावों के लिए सुनिश्चित वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता है। साथ ही, मैच्योरिटी राशि को एकमुश्त लेने, 7 वर्षों तक किश्तों में प्राप्त करने या दोनों विकल्पों के संयोजन के रूप में लेने की सुविधा भी मिलती है।

योजना में शामिल वेवर ऑफ प्रीमियम बेनिफिट इसे और अधिक प्रभावी बनाता है। यदि पॉलिसीधारक माता या पिता की मृत्यु हो जाती है या दुर्घटना के कारण पूर्ण स्थायी विकलांगता हो जाती है, तो आगे के सभी प्रीमियम माफ कर दिए जाते हैं। इसके बावजूद बच्चे के लिए निर्धारित लाभ जारी रहते हैं, जिससे उसकी शिक्षा और भविष्य की योजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ता।

विशेषज्ञों का मानना है कि आज के अनिश्चित दौर में बच्चों के भविष्य की योजना केवल बचत तक सीमित नहीं रह गई है। इसके लिए सुरक्षा, स्थिरता और दीर्घकालिक वित्तीय अनुशासन भी उतना ही जरूरी है। स्मार्ट प्लैटिना यंग अचीवर जैसी योजनाएं माता-पिता को न केवल बच्चों के सपनों के लिए आर्थिक तैयारी करने में मदद करती हैं, बल्कि अप्रत्याशित परिस्थितियों में भी उन सपनों को सुरक्षित रखने का भरोसा देती हैं। ऐसे समय में जब बच्चों की शिक्षा और करियर की लागत लगातार बढ़ रही है, यह योजना माता-पिता के लिए एक भरोसेमंद वित्तीय साथी बनकर उभर रही है, जो उनके संकल्प को बच्चों के सुरक्षित और सफल भविष्य से जोड़ने का काम करती है।

# जिले के दो होनहार विद्यार्थियों ने बढ़ाया जिले का मान

- जापान के प्रतिष्ठित सकुरा साइंस हाई स्कूल कार्यक्रम के लिए चयनित
- कलेक्टर ने उज्जवल भविष्य के लिये दी शुभकामनायें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,24 जून।** जिले के दो प्रतिभाशाली छात्रों ने इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत जापान में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित सकुरा साइंस हाई स्कूल कार्यक्रम के लिये चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी है।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों एवं उनके पालकों के लिए, बल्कि संपूर्ण जिले के लिए भी गर्व का विषय है। विद्यार्थियों की यह सफलता जिले में विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में किए जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जापान में आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में सहभागिता से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में नई जानकारियां प्राप्त होंगी, जिससे वे भविष्य में देश एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

चयनित विद्यार्थियों में गगन दास मानिकपुरी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लवन तथा नागेश कुमार, शासकीय मिडिल स्कूल, हथबंद शामिल हैं। पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से इस कार्यक्रम के लिए केवल पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें से दो विद्यार्थी बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से हैं। यह जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा एवं इंस्पायर अवार्ड जिला नोडल अधिकारी कौशिक मुनि त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को बधाई दी हैं। छात्रों के इस सफलता में मार्गदर्शक शिक्षक तुलेन्द्र कुमार वर्मा का विशेष एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन करते हुए उनके नवाचारी विचारों को विकसित करने तथा उन्हें इंस्पायर मानक योजना के विभिन्न चरणों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### खर्वे में 8 व्यक्तियों की हत्या का हुआ खुलासा

**बलौदाबाजार, 24 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कसडोल को ग्राम खर्वे के ग्रामीणों द्वारा माह फरवरी से 14 मई तक गांव में 08 लोगो की संदेहास्पद मृत्यु होने के संबंध में आवेदन दिया गया, जिसमें उनके द्वारा गांव के ही व्यक्ति राम सहाय जायसवाल पर संदेह व्यक्त किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल प्रारंभिक जांच शुरू की गयी। प्रकरण में सभी 07 व्यक्तियों के शव उत्खनन कराकर PM हेतु मेकाहारा रायपुर रवाना किया गया। जहां डाक्टरों की टीम के द्वारा रायपुर स्थित मेडिकोलिगल संस्थान में विशेष टीम के द्वारा पोस्ट मार्टम कराया गया एवं फरेंसिंक जांच हेतु सभी व्यक्तियों का DNA विसरा अन्य सेंपल प्रिजर्व किया गया है। मृतकों में एक मृतक बुधराम जायसवाल के शव का उनके परिजनों द्वारा दाह संस्कार कर दिया गया था।

## पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने सीपीएम ने सौंपा ज्ञापन, धरसींवा थाने तक किया पैदल मार्च



- तिल्दा नेवरा के पत्रकार शामिल हुए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 24 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पत्रकार संगठन छत्तीसगढ़िया पत्रकार महासंघ ने पत्रकारों पर हो रहे फर्जी मुकदमों स्नढ्ढक्र और प्रताड़ना को लेकर मोर्चा खोला है, इसी क्रम में 23 जून को महासंघ ने धरसींवा रेस्ट हाऊस में सभा किया जिसमें जिलेभर से सैकड़ों पत्रकार शामिल हुए और पैदल मार्च करते हुए थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को पुलिस महानिदेशक और गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की, इस मौके पर राजधानी सहित सभी तहसील ब्लॉक से ग्रामीण पत्रकारों की उपस्थिति रही।

असल में लगातार प्रदेशभर से ऐसी घटनाएं सामने आ रही है जिसमें पत्रकारों पर मामले दर्ज हुए हैं और उन्हें मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है जो स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए खतरा है, धरसींवा में जिस पत्रकार को आरोपी बना कर जेल भेजा गया है, उसी ने इलाके में नाबालिग से गैंगरेप के मामले को उजागर किया था जिसके बाद पुलिस ने किन्ही पक्षों के बयान के बल पर पत्रकार को मामले में सहआरोपी बना कर जेल भेज दिया।

इलाके में पत्रकार के साथ हुए इस ज्यादती पर छत्तीसगढ़िया पत्रकार महासंघ ने संज्ञान लिया और विरोध में प्रदर्शन किया साथ ही ज्ञापन सौंप कर पत्रकार के खिलाफ दर्ज मामले को खारिज करने की मांग की है।

इस मौके पर सभा में शामिल सभी पत्रकारों ने एक स्वर में पत्रकारों पर हो रहे इस तरह के साजिशन कार्रवाई को गैरजिम्मेदाराना पुलिसिंग बताया और भविष्य में इस तरह कार्रवाई न हो इसके लिए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग रखी।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़िया पत्रकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्रथ गर्व, उपाध्यक्ष पुनीत सोनकर, अब्दुल शमीम, सुधीर तंबोली आजाद, प्रेम सोनी, तिल्दा के पत्रकार जैनेन्द्र बघेल ,गोवर्धन यदु ,शिव वर्मा। ,अजय नेताम,हरि मरखंडे,सौरभ यादय,शिवानंद निर्मलकर,अमजद खान,धीरेंद्र जायसवाल, संतोष यदु,राजू वर्मा, आरंग के पत्रकार तुकेश्वर टिक्कू लोधी, खरोरा के पत्रकार लोमश देवांगन,धर सिवा के पत्रकार सुरेंद्र जैन,रेणु मिश्रा,प्रेम पाल ,सिलयारी के पीड़ित पत्रकार उस्मान सैफी और बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहें।

# खरीफ सीजन में धान के बदले अन्य फसल की खेती के लिए होगा 10 हजार हेक्टेयर का निर्धारण

- सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 24 जून।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के विस्तार के सम्बन्ध में धान के बदले अन्य फसल दलहन,तिलहन एवं कपास की खेती के लिये जिले के किसानों को प्रोत्साहित करने तथा लगभग 10 हजार हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारण के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने बताया कि कृषक उन्नति योजना के तहत खरीफ सीजन में धान के.बदले अन्य फसल लेने पर राज्य शासन द्वारा किसानों को 11 हजार रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि को बढाकर 15 हजार रुपए किया गया है। उन्होंने उप संचालक कृषि को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुसार इस योजना का लाभ किसानों को देने के लिये जागरूकता अभियान चलाने तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियो को लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अलग -अलग गांव में किसानों के खसरा होने पर सभी खसरो का एग्रीस्टेक में पंजीयन के लिए पटवारी,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं समिति प्रबंधको की बैठक लेकर सभी खसरो का पंजीयन कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने राज्य शासन की महत्वपूर्ण सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि 31 हितग्राहीमूलक योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिये ग्राम पंचायत,क्लस्टर एवं बलॉक मुख्यालय में शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियो को विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत ग्राम पंचायतवार छूटे हुए हितग्राही की संख्या की जानकारी तैयार कर शिविर के दौरान सभी हितग्राही को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में जल कर वसूली को गंभीरतापूर्वक लेते हुए वसूली में प्रगति लाने तथा जिन पंचायतों द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है वहां के सचिव पर कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व न्यायलयों में लंबित प्रकरणो को माह जुलाई तक निराकरण करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन लाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत, स्वामित्व योजना आदि की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, ए.आर.टंडन, निशा नेताम मड़ावी,सीमा ठाकुर सहित एसडीएम,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## खुद बड़े नहीं हैं तो दूसरों को छोटा करने का प्रयास करते हैं

राजनीति में आदमी अपने काम से बड़ा होता है, अपनी सोच से बड़ा होता है,अपने आचार-विचार से बड़ा होता है।उसे मिल रहे सम्मान से बड़ा माना जाता है। चुनाव में लगातार मिल रही जीत से बड़ा होता है, लोकप्रिय होने से बड़ा होता है, लोग भरोसा करते हैं इसलिए बड़ा होता है। पीएम मोदी पिछले १२ साल से अपने काम से बड़े माने जाते है, अपनी सोच से बड़े माने जाते हैं,अपने आचार-विचार से बड़े माने जाते हैं,देश व विदेशों मे मिल रहे सम्मान व सर्वोच्च सम्मान से बड़े माने जाते हैं,सबसे ज्यादा लोकप्रिय है, इसलिए बड़े माने जाते है,लोग भरोसा करते हैं इसलिए बड़े माने जाते हैं,चुनाव में जनता उनको जिताती है इसलिए बड़े माने जाते हैं। देश के कई नेता न नाम से बड़े माने जाते हैं न काम से बड़े माने जाते है, न आचार विचार से बड़े माने जाते है,न अपने व्यवहार से बड़े माने जाते हैं।लोकप्रिय नहीं है इसलिए बड़े नहीं माने जाते है, चुनाव नहीं जीतते है, इसलिए बड़े नेता नहीं माने जाते हैं।उनके छोटे होने में पीएम मोदी का कोई दोष नहीं है,लेकिन सब यही मानते हैं कि पीएम मोदी का कद हर तरह से हमसे बड़ा है,इसलिए हमें छोटा माना जाता है। राहुल गांधी सहित ज्यादातर विपक्षी नेता अपना कद मोदी की तरह ऊंचा नहीं कर पाते हैं क्योंकि वह ऐसा कोई काम नहीं करते हैं, न उनका ऐसा कोई आचार-विचार और व्यवहार सामने आता है जिससे उनको मोदी के समान बड़ा नेता माना जाए तो उनकी मजबूरी है कि वह मोदी के राजनीतिक कद को छोटा करने का प्रयास करते हैं। खुद बहादुर नहीं हैं लेकिन पीएम मोदी की बहादुरी पर सवालिया निशान लगाएंगे, खुद निर्भीक नहीं है लेकिन पीएम मोदी की निर्भीकता का सवालिया निशान लगाएंगे।आपरेशन सिंदूर से और पाक के खिलाफ कई बार स्ट्राइक किए जाने से पीएम मोदी छबि बहादुर पीएम,घर मे घुसकर मारने वाले पीएम की बन गई है तो उनको विश्व के बड़े नेताओं,देशों के सामने खड़े कर छोटा साबित करने का प्रयास राहुल गांधी व कांग्रेस करते रहते हैं। वह पीएम मोदी को जितना छोड़ा बताने का प्रयास करते हैं, पीएम मोदी का कद देश के साथ ही विदेशों में और ऊंचा हो जाता है। विश्व के ३३ देशों ने जिस नेता को अपना सर्वोच्च सम्मान दिया है, उसका सम्मान राहुल गांधी जैसे निरंतर चुनाव हारने वाले नेता के झूठे आरोपों से न तो पहले कम हुआ है और न आज कम हो सकता है। देश के भीतर राज्यों के चुनाव होते हैं तो जनता उनको लगातार चुनाव में जिताकर उनके प्रति भरोसा जाहिर करती है तो राहुल गांधी अपनी पार्टी को न तो राज्यो में मजबूत कर पा रहे है और न ही चुनाव जिता पा रहे हैं तो वह हर चुनाव के बाद विपक्ष की नजर में और अपनी पार्टी के नेताओं की नजर में चुनाव हारे हुए नेता बने रहते हैं। हारे हुए नेता के तौर पर राहुल गांधी की छबि ऐसी बनी हुई है कि वह अकेले कांग्रेस को कई राज्यो मे जिता नहीं पाते हैं,वही गठबंधन वाले राज्यों में भी वह चुनाव जिताने में कोई सहयोग नहीं कर पाते हैं। इसलिए उनकी छबि चुनाव हारने व हरानेवाले नेता की बनी हुई है।इसलिए भी वह खीझ कर जब भी मौका मिलता है, पीएम मोदी को छोटा नेता,डरपोक नेता,सरेंडर करने वाला नेता, आदेश मानने वाला नेता बताने का प्रयास करते हैं। इससे राहुल गांधी की कद वास्तव में पीएम मोदी के बराबर तो होता नहीं लेकिन उनको मानसिक संतुष्टि मिलती है कि पीएम मोदी से बेहतर नेता तो मैं हूं। रही सही कसर उनके आसपास के नेता अपनी चाटूकारिता से पूरी कर देते हैं, वह राजनीति की कड़वी सच्चाई से राहुल गांधी को अवगत कराने की हिम्मत नहीं कर पाते है।वह दूसरे राहुल गांधी को देश का दूसरे नंबर का नेता बताकर उनके अहम को संतुष्ट करते रहते हैं।यह सच है कि राहुल गांधी पीएम मोदी के बाद देश के दूसरे नंबर के नेता हैं लेकिन यह भी सच है कि वह जब तक मोदी हैं वह दूसरे नंबर के ही नेता बने रहेंगे। पीएम मोदी के पास पहले नंबर पर बने रहने की काबिलियत है और राहुल गांधी के बाद एक नंबर का नेता बनने की काबिलियत नहीं है इसलिए वह नंबर दो के नेता माने जाते हैं। वह सोचते हैं कि मैं ही तो नंबर दो हूं और मुझे ही एक दिन एक नंबर नेता बनना है,इसलिए वह सोचते हैं कि मैं पीएम मोदी का आलोचना करूंगा, झूठे आरोप लगाऊंगा तो लोग मुझे नंबर एक नेता एक दिन मान लेंगे।हाल ही ईरान-अमराकी युध्द के दौरान तीन भारतीय जहाजों पर हमला हुआ और तीन भारतीयों कि मौत हुए। भारत ने इसका हर स्तर पर विरोध किया।राहुल गांधी को मौका मिल गया और उन्होंने पीएम मोदी का कमजोर पीएम साबित करने के लिए कहा कि समझौतावादी पीएम अपने नागरिकों की सुरक्षा व सम्मान की रक्षा नहीं कर सकता।विदेशी ताकतें हमारे नागरिकों की हत्या करती है और हमारी सरकार एक आज्ञाकारी नौकर की तरह उन्नके आदेशों की पालन करती है।यह राहुल गांधी की पीएम मोदी को अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के सामने छोटा नेता बताने की कोशिश हैं।हकीकत यह है कि भारत ने हर स्तर पर भारतीय जहाजों पर हमले का कड़ा विरोध किया, हकीकत यह है कि जब भी दुनियां में कही हजारों भारतीयों पर संकट आया है तो मोदी सरकार ने उनको बचाकर देश लाने में सफल रही है। जी-७ देशों की बैठक के दौरान पीएम मोदी व ट्रंप की जब आमने सामने बात हुई तो पीएम मोदी ने तीन नाविकों ने हजारों भारतीयों की चिंता करते हुए कहा कि समुद्री व्यापार के क्षेत्र में दुनिया भर के अलग अलग समुद्रों में लाखों भारतीय नाविक काम कर रहे हैं।मेरा मानना है कि उनकी सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।उन्होंने ट्रंप से कहा कि पं.एशिया शांति समझौते में नाविकों की सुरक्षा को भी अहम स्थान दिया जाना चाहिए।ट्रंप ने पीएम मोदी को आश्वस्त किया है कि नौपरिवहन जोखिम भरा काम है और नाविकों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाएगा। राहुल गांधी ट्रंप के सामने पीएम मोदी को छोटा बताने का मौका छोड़ते नहीं है और ट्रंप हैं कि कई मौकों पर पीएम मोदी को खुद से अच्छा बता चुके हैं, इस बार भी ट्रंप ने पीएम मोदी का तारीफ करते हुएकहा है कि पीएम मोदी शांत,संयमित व शानदार नेता हैं मैं ऐसा नही हूं. अब देश व दुनियां राहुल गांधी का बात पर कैसे यकीन कर सकती हैं कि पीएम मोदी ट्रंप से छोटे नेता हैं। उनका आदेश मानने वाले नेता हैं।ट्रंप ने राहुल गांधी को फिर एक बार झूठा साबित कर दिया है।

**विश्लेषण**

# भ्रष्ट नाकारा व्यवस्था के कारण पंद्रह बच्चों की मौत

**मनोज कुमार अग्रवाल**



राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने से बारह विदेशी नागरिकों समेत 21 लोगों की मौत हुई थी इस हादसे की तपिश ठंडी भी नही हुई कि अब लखनऊ के कोचिंग सैंटर में अग्निकांड मे 15 होनहार छात्र छात्राओं की दर्दनाक मौत हुई है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज में एक तीन मंजिला इमारत में जहां पैट अनीमल शाप , एनीमेशन ट्रेनिंग कोचिंग चलती थी जिसमें करीब 25-30 किशोरवय छात्र छात्राएँ पढ़ते थे जिन्होंने अपने भविष्य को गढ़ने के उद्देश्य से इस कोचिंग में प्रवेश लिया था । यहां अपने जिगर के टुकड़ों को पढ़ा लिखा कर भविष्य बनाने के लिए भेजने वाले अभिभावकों को सपने में भी गुमान नही रहा होगा कि यह कोचिंग संस्थान एक दिन लाक्षागृह बन जाएगा और उनके घर के चिराग इस भयानक हादसे में जीवन गंवा देंगे इस बेहद दर्दनाक हादसे में 15 युवाओं की दम घुटने से मौत हो गई।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार और चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। आपको बता दें इस हादसे से पंद्रह परिवारों के सपनों उम्मीदों की भी मौत हो गई है। ये परिवार इस त्रासद अग्निकांड की मार से इस जीवन में कभी भी नहीं उबर पाएंगे। इस अग्निकांड हादसे की भयावहता का अन्दाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 15 छात्र छात्राओं की मौके पर ही आग से जलकर और धुएं से दम घुटने से मौत हो गई। जबकि सभी छात्र छात्राओं ने खुद को बचाने के लिए सभी प्रयास किए फिर भी वे कामयाब नहीं हो सके। वे बिल्डिंग से बाहर नहीं निकल सके। आधे दर्जन किशोर घायल हैं जिनका इलाज अस्पताल में हो रहा है। आग से बचाव और बुझाने के लिए दमकल आधे घंटे बाद पहुंची जो अपने आप में बेहद चिंताजनक है। वहीं मुख्यमंत्री जो दौरे पर थे अपना दौरा छोड़कर मौके पर पहुंचे और उसके बाद उच्च स्तरीय बैठक में घटना की समीक्षा की और मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए दो सदस्यीय एसआइटी गठित करने के आदेश दिए हैं।वहीं तीन गिरफ्तारियां की गई है और चार अधिकारी सस्पेंड किए गए हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार इस हादसे में एक युवक ने तो बिजली के करंट प्रवाह तारों को पकड़कर नीचे कूदकर जान बचाने की कोशिश की । वहीं एक युवक जान बचाने के लिए शीशा तोड़कर कूद पड़ा लेकिन नीचे वह लोहे के ग्रिल पर गिर गया जिसकी वजह से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे लोग बचाकर अस्पताल ले गए। कुछ युवक जान बचाने के लिए बिल्डिंग में पीछे की ओर बाथरूम में चले गए लेकिन पीछे कोई रास्ता नहीं था। इसकी वजह से जब आग बढ़ी तो वे बाहर नहीं निकल सके क्योंकि आग सामने की ओर से लगी थी जो अत्यंत भयावह थी।

देश में आग की घटनाएं अब रोजाना की बात हो गई हैं।कभी नर्सिंग होम और नवजात शिशु केयर सेंटर कभी अस्पतालों, कोचिंग संस्थानों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों, कारखानों, होटल, रेस्तरां और झुग्गी बस्तियों यहां तक की चलती ट्रेन की बोगियों में आग के हादसे सामने आते रहे हैं जिनमें हर साल सैकड़ों जीवन आग की भेंट चढ़ जाते हैं। कहीं शॉर्ट सर्किट कारण बताया जाता है, कहीं गैस सिलेंडर, कहीं बिजली उपकरणों की खराबी और कहीं सुरक्षा मानकों की अनदेखी। रिपोर्ट बताती है कि लखनऊ में पिछले महीने में बड़ी संख्या में आग की घटनाएं बिजली व्यवस्था की खामियों और ओवरलोडिंग से जुड़ी रही हैं।




सवाल केवल आग लगने का नहीं है। सवाल यह है कि जिन इमारतों में प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे और युवा आते हैं, वहां अग्निशमन यंत्रों की स्थिति क्या है? उनके चलाने का प्रशिक्षण लिया गया या नहीं? क्या आपातकालीन निकास द्वार मौजूद हैं? क्या भवनों का नियमित सुरक्षा ऑडिट होता है? क्या स्थानीय निकाय और अग्निशमन विभाग समय समय पर निरीक्षण करते हैं? प्राधिकरण ने ऐसी इमारतें संचालन की अनुमति कैसे प्राप्त कर लेती हैं? लखनऊ की घटना ने एक बार फिर दिखा दिया कि अधिकांश भवनों में सुरक्षा व्यवस्था कागजों तक सीमित है। जब संकट आता है तो लोग सीढ़ियों, खिड़कियों और पाइपों के सहारे अपनी जान बचाने को मजबूर हो जाते हैं।

हर बड़ी घटना की तरह ही इस हादसे के बाद प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और विभिन्न दलों के राजनेताओं की शोक संवेदना आयी और सरकार ने मुआवजे की घोषणा भी की है लेकिन क्या एक जीवन की कोई भरपाई की जा सकती है? क्या जीवन का कोई भी मोल हो सकता है?

इस हादसे के शिकार बने कुछ बच्चे अभी जिंदगी के लिए अस्पतालों में जंग लड़ रहे हैं। आजादी के करीब अस्सी साल बाद भी इस देश की सरकारें व्यवस्था सिस्टम को नही सुधार सकी हर स्तर पर भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि आप ईमानदारी से भवन का निर्माण करें तो भी रिश्वत देना पड़ेगा फिर समझ नहीं आता कि बिना नक्शा राज्यों की राजधानियों में सरकार और अधिकारियों की नाक के तले सिर्फ ग्राउंड फ्लोर का नक्शा पास करा कर तीन मंजिला व्यवसायिक भवन इमारतों का निर्माण किस की कृपा से हो जाता है? कौन सा तंत्र है जिस के आशीर्वाद से इन इमारतों में बिना अग्निशमन विभाग व दूसरे विभाग की अनुमति के कोचिंग संस्थान या चाइल्ड नर्सरी या होटल संचालित किए जाते हैं? हर बड़े हादसे के बाद सहानुभूति मुआवजा राशि जांच कमेटी का गठन किया जाता है वायदा घोषणा की जाती है कि दोषियों को दंडित किया जायेगा हादसे के जिम्मेदारों के खिलाफ और सख्त कार्रवाई होगी लेकिन कुछ नही बदलता इन घोषणाओं का फायदा वही अफसरशाही उठाती है जो जांच और कारवाई का नाटक कर तमाम वैध अवैध निर्माणों और प्रतिष्ठानों से उगाही करती है जेब भरती है और अगले हादसे का इंतजार करती है।

जाहिर है कि इन हादसों को रोका जा सकता है बशर्ते पंगु सिस्टम लचर व्यवस्था, भ्रष्टाचार और नियमों की अनदेखी कर अकूत संपत्ति जुटाने मे लगी सरकारी भ्रष्ट मशीनरी को नियंत्रित किया जाए मुद्दा आग नहीं है भ्रष्टाचार है भ्रष्ट अफसरशाही है जो सही काम की मंजूरी के भी पैसे लेती है और नियमविरूध्द कार्य को दोनों हाथ से रिश्वत बटोर कर संरक्षण देती है वहीं दस फीसदी मामलों में राजनीतिक नेताओं के ईशारे पर अवैध काम को स्वीकृति दे कर उनके भी आंख का तारा बनी रहती है। दरअसल यही व्यवस्था का दुरुपयोग है समाज में भ्रष्टाचार का घुन इस तरह से लग चुका है कि सामर्थ्यवान के लिए कुछ भी मुश्किल नहीं है। अभी हाल ही में दिल्ली में अस्पताल के निकट होटल कम गेस्ट हाउस में आग लगने से कई लोगों की जान चाली गई थी जिनमें से एक दर्जन से अधिक विदेशी नागरिक भी थे। रिकार्ड बोल रहे हैं कि राजधानी लखनऊ के कई होटलों में इस प्रकार आग लग चुकी है इसके बावजूद कोई फायर सेफ्टी पर ध्यान नहीं दिया जाता है। भवन चूंकि तीन मंजिला था और कई मकान व भवन एक दूसरे से जुड़े हुए थे। नीचे से लेकर ऊपर तक उसमें व्यवसायिक कार्य हो रहे थे। भवन में दूसरा कोई रास्ता भी निकलने को नहीं था और आगे शीशे की बंद खिड़कियां थीं। आग को एसी ब्लास्ट या शार्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है।सवाल फिर वही है कि लखनऊ और दिल्ली जैसे अग्निकांडों के लिए जिम्मेदार कौन हैं?

किसकी जवाबदेही है? दरअसल, शहरों में इतनी कम जगहों पर ऑफिस आदि चल रहे हैं कि जब वहां कोई हादसा हो जाता है, तो बचने का कोई रास्ता नहीं होता। कई बार आने और जाने का एक की रास्ता रहता है। रास्ते बहुत संकरे होते हैं। कम से कम जगह में ज्यादा लोग काम करते हैं। बचाव के साधन नदारद होते हैं। चश्मदीदों का कहना है कि फायर ब्रिगेड की टीम 30 से 40 मिनट की देरी से पहुंची।

फायर बिग्रेड का इतनी देरी से पहुंचने का मतलब है आग का विकराल हो जाना। इस सब के लिए कौन जिम्मेदार है क्या सरकारों की इस व्यवस्था को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी नहीं है? हमारा सुझाव है कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस हादसे को एक चुनौती माने और सटीक कारवाई और व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए ऐसे सख्त कदम उठाएं जो पूरे देश के सभी राज्यों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बने। दिवंगत बच्चों को इस से बेहतर कोई श्रद्धांजली नहीं हो सकती है।

**राशिफल**

मेष आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। घर में मेहमानों की चहल-पहल बनी रहेगी। खुशियों का माहौल भी बना रहेगा। रिवार के साथ बिताया गया समय आपको मानसिक सुकून देगा। इसके अलावा नौकरीपेशा लोगों को सलाह है कि कार्यस्थल पर छोटी-सी चूक से भी बचें, क्योंकि आज सतर्कता ही सफलता की कुंजी बनेगी।

वृषभ आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। यदि आप सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हैं, तो प्रशंसा और सम्मान मिलने के प्रबल योग बन रहे हैं। भाग्य भी आज आपके प्रयासों का साथ देता दिखाई दे रहा है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने के संकेत हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। लाभ भी होगा।

मिथुन मिथुन राशि वालों के लिए दिन सावधानी बरतने वाला होगा। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। कार्यक्षेत्र में यदि किसी निर्णय को लेकर मन उलझा हुआ है, तो जल्दबाजी से बचें। हालांकि, आर्थिक मामलों में धीरे-धीरे स्थिति मजबूत होती नजर आएगी। यात्रा के योग बन रहे हैं।

कर्क कर्क राशि वालों के लिए समय खास रहेगा। अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके काफी काम आ सकती है। धन के मामलों में ईमानदारी और सही मार्ग अपनाना आपके लिए सबसे अधिक लाभकारी रहेगा। लंबे समय से अटका हुआ लेन-देन पूरा होने से मन को बड़ी राहत मिलेगी।

सिंह आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों की ओर आपका झुकाव बढ़ेगा, जिससे मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होगी। इसके अलावा कार्यस्थल पर आपकी मेहनत की सराहना हो सकती है। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

कन्या आत्मविश्वास के दम पर आप कई जरूरी काम आसानी से पूरे करेंगे। किसी अनजान व्यक्ति पर आंख मूंदकर भरोसा करना उचित नहीं होगा। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा, वरना बजट बिगड़ सकता है। जीवनसाथी के साथ संबंध पहले से बेहतर होते नजर आएंगे।

तुला वाहन से जुड़ा कोई छोटा खर्च अचानक सामने आ सकता है, इसलिए आर्थिक संतुलन बनाए रखें। सुखद समाचार आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकता है। नए अवसर मिलने से मन में उत्साह बना रहेगा। किसी भी लेन-देन को सोच-समझकर ही करें। निवेश से जुड़े फैसले सोच-समझकर लेना बेहतर रहेगा।

वृश्चिक किसी नए कार्य की शुरुआत करने के लिए दिन अनुकूल रहेगा। संतान के भविष्य को लेकर चिंता बनी रह सकती है, लेकिन समय आपके पक्ष में काम करेगा। रुका हुआ कोई कार्य दोबारा गति पकड़ सकता है। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज नई पहचान और सम्मान प्राप्त होने की संभावना है।

धनु धनु राशि के लोगों को कामकाज में धैर्य बनाए रखना आज जरूरी होगा। दूसरों के मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देने से बचें। परिवार में प्रेम और एकता का वातावरण बना रहेगा। इसके अलावा किसी करीबी से जरूरी सलाह मिल सकती है जो आगे लाभ देगी।

मकर समय और धन दोनों का सही प्रबंधन आज आपकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। परिवार की ओर से कोई ऐसी खबर मिल सकती है जो मन को थोड़ा उदास करे, लेकिन संयम बनाए रखना ही उचित रहेगा। कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। धैर्य और समझदारी से लिया गया फैसला आगे लाभ देगा।

कुंभ परिवार के किसी सदस्य से अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। नए संपर्क बन सकते हैं, जो आगे चलकर लाभदायक सिद्ध होंगे। व्यापार में रुकी हुई कोई डील पूरी होने से आर्थिक स्थिति में मजबूती आने के संकेत हैं।

मीन किसी पुराने प्रयास का सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा भावनाओं में बहकर कोई बड़ा फैसला लेने से बचें। कोई शुभ समाचार मन को प्रसन्न कर सकता है।

# मोदी की व्यापार दृष्टि ने भारत को बदलने के लिए विश्वस्तर पर अवसरों के द्वार खोले

**श्री पीयूष गोयल**



यूके के साथ ऐतिहासिक व्यापार समझौता, जो 15 जुलाई से लागू होगा, भारतीय किसानों, एमएसएमई, मछुआरों, स्टार्टअप और कारीगरों के लिए वैश्विक अवसर और समृद्धि लाएगा। यह नौकरियां सृजित करेगा और भारतीय नागरिकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामान को उचित कीमतों पर उपलब्ध कराएगा, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 मिशन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

भारत और यूके के बीच परिवर्तनकारी व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) भारतीय वस्तुओं के लिए यूके में सभी क्षेत्रों में, विशेष रूप से श्रम-प्रधान क्षेत्रों में, व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित करेगा। दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद यह समझौता लगभग 100% व्यापार मूल्य को शामिल करते हुए लगभग 99% टैरिफ लाइनों पर तुरंत शुल्क समाप्त करेगा, जिससे भारतीय निर्यात के लिए अपार अवसर सृजित होंगे। सीईटीए एक जन-केंद्रित समझौता है, जिस पर पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये थे। यह समाज के हर हिस्से को फायदे देता है। किसानों को अपने घरेलू हितों से समझौता किए बिना उच्च मूल्य वाले निर्यात बाजारों तक पहुंच मिलेगी। मछुआरों को विशाल यूके बाजार में अधिक सीफ़ूड निर्यात से फायदा मिलेगा। श्रमिकों को श्रम-गहन क्षेत्रों में नई नौकरियों के अवसर मिलेंगे। महिला उद्यमी, युवा, स्टार्टअप्स और एमएसएमई को वैश्विक मूल्य-श्रृंखला तक बेहतर पहुँच मिलेगी। पेशेवरों को बेहतर आवागमन और मान्यता के अवसरों से फायदा मिलेगा।

### किसानों के लिए समृद्धि

सीईटीए भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम यूके बाजार खोलता है, जो दूसरे यूरोपीय देशों को मिलने वाले फायदों के बराबर या उनसे भी बेहतर है। हल्दी, काली मिर्च, इलायची और प्रसंस्कृत सामान जैसे आम का गूदा, अचार और दालों को शुल्की-मुक्त पहुँच प्राप्त होगा। उच्च कृषि निर्यात से किसानों की आय बढ़ेगी और गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन के लिए और प्रोत्साहन मिलेगा। यह कृषि मूल्य श्रृंखला में कई नौकरियाँ भी पैदा करेगा। साथ ही, सीईटीए घरेलू किसानों - खासकर डेयरी उत्पाद, खाद्यान्न, मोटे अनाज, सेब, ओट्स और खाद्य तेल से जुड़े किसानों - की सुरक्षा के लिए भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को अपने दायरे से बाहर रखता है। इन्हें समझौते से बाहर रखना, मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू मूल्य स्थिरता और कमजोर कृषि समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को प्रतिबिंबित करती है।

### उद्योग को बढ़ावा

यूके के विशाल बाजार तक तुरंत शुल्क-मुक्त पहुंच भारतीय निर्माण को बढ़ावा देगी, जिससे पारंपरिक कारीगर, बड़े कारखाने और क्षेत्रीय औद्योगिक केंद्र प्रभावी तरीके से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। छोटे व्यवसायों को फायदा होगा, क्योंकि भारतीय उत्पादों को अपने प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धा से जुड़ी स्पष्ट बढ़त मिलेगी। फुटबॉल, क्रिकेट गियर, रग्बी बॉल और खिलौने बनाने वाली कंपनियां, अन्य उत्पादों के साथ-साथ, यूके में अपने व्यवसाय को काफी विस्तार देने में सक्षम होंगी। शुल्कों को हटाने से खासकर श्रम-सघन क्षेत्रों में लंबे समय से चल रही टैरिफ बाधाओं का समाधान हुआ है, जिससे निर्यात प्रतिस्पर्धा और पैमाने में तुरंत लाभ होने की उम्मीद है। तिरुपुर के करघों से लेकर बेंगलुरु की लैब तक, सूरत के हीरे के कारीगरों से लेकर हैदराबाद के कोडर्स तक, यह समझौता असली अर्थव्यवस्था को छूता है।




### सेवाएँ और पेशेवर

यूके ने सेवा क्षेत्र में अब तक की अपनी सबसे व्यापक प्रतिबद्धताओं में से एक प्रदान किया है, जिसमें भारत की निर्यात रुचि के सभी प्रमुख सेवा क्षेत्रों और 137 उप-क्षेत्रों को शामिल किया गया है। बेहतर बाजार पहुंच और नियामक सुनिश्चितता भारतीय सेवा प्रदाताओं को आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, पेशेवर सेवाओं, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, इंजीनियरिंग, दूरसंचार और परामर्श सेवाओं में सहायता करेगी। भारत ने कुशल पेशेवरों के लिए अनुकूल आवागमन प्रावधान सुनिश्चित किए हैं, जिनमें संविदा सेवा प्रदाता, व्यापार यात्री, निवेशक, योग प्रशिक्षक, संगीता कार और रसोइये शामिल हैं। इस समझौते में व्यापार आगंतुक, कर्मचारियों का अंतर-कॉर्पोरेट तबादला, संविदा सेवा आपूर्तिकर्ता, स्वतंत्र पेशेवर और निवेशकों के लिए भी पूर्वानुमान योग्य आवागमन उपाय प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा, इस समझौते के तहत 1,800 भारतीय रसोइये, योग प्रशिक्षक और शास्त्रीय संगीतकार हर साल समर्पित आवागमन अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।

### नवोन्मेषी एफटीए

पीएम मोदी के नेतृत्व में, एफटीए सिर्फ वस्तुएं और सेवाओं तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्होने नए मानक स्थापित किये हैं। ईएफटीए देशों—स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन—के साथ, भारत ने 100 बिलियन डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता हासिल की, जिससे प्रत्यक्ष रोजगार के एक मिलियन अवसरों के सृजन की उम्मीद है। न्यूज़ीलैंड के साथ एफटीए में, देश ने 15 साल में 20 बिलियन डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता हासिल की, जबकि ऑस्ट्रेलियाई एफटीए ने उस दोहरी कर-व्यवस्था की समस्या को सुलझा दिया, जिससे भारतीय आईटी कंपनियां समस्याओं का सामना करती थीं। यूके के साथ समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू है, दोहरा योगदान सिद्धांत। यह ऐतिहासिक व्यवस्था, जो सीईटीए के साथ प्रभावी होगी, भारतीय कर्मचारियों और नियोक्ताओं को अस्थायी कार्य-उत्तरदायित्व (असाइनमेंट) के दौरान यूके में दोहरी सामाजिक सुरक्षा योगदान देने से मुक्त करती है। 75,000 से अधिक भारतीय पेशेवरों और 900 से अधिक कंपनियों को अस्थायी विदेशी कार्य-उत्तरदायित्व पर कर्मचारियों के लिए लगातार सामाजिक सुरक्षा कवरेज से फायदा मिलने की उम्मीद है।

### सरकार की रणनीति

2014 में अर्थव्यवस्था संघर्ष कर रही थी और संभावित निवेशकों का भरोसा टूट रहा था। भारत को उन "कमजोर पांच" अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता था, जो नीतिगत भटकाव और भारी भ्रष्टाचार घोटालों से जूझ रही थीं। मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास बहाल करने और इसे निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए एक सुदृढ़ दृष्टिकोण अपनाया। विकसित देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करना अगला कदम था। एफटीए व्यापार नीतियों के संबंध में अनिश्चितता को कम करके निवेशकों का भरोसा भी बढ़ाते हैं। सरकार ने ऐसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ एफटीए किये, जो बड़े बाजार प्रदान करती हैं और भारत के प्रमुख व्यापार हितों के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा नहीं करतीं। इससे दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद स्थिति बनती है, जो पिछली सरकार के उस दृष्टिकोण से अलग है, जिसमें भारतीय व्यवसायों को जोखिम में डालते हुए देश के दरवाजे प्रतिद्वंद्वियों के लिए लापरवाही से खोल दिए गए थे।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत को अब एक मजबूत अर्थव्यवस्था और अस्थिर विश्व में एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है। इसने खुद को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में स्थापित किया है, जिसका एक आकर्षक बाजार है और यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। महत्वपूर्ण और व्यापक सुधारों, व्यवसाय करने में आसानी में सुधार, छोटे अपराधों को अपराध मुक्त करने और पीएम के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। आज, दुनिया भारत की विकास कहानी का हिस्सा बनना चाहती है—और एफटीए पर हस्ताक्षर करना चाहती है।

इन व्यापार समझौतों ने घरेलू बाजार को भी धीरे-धीरे खोलना सुनिश्चित किया है। इससे भारतीय बाजार अधिक प्रतिस्पर्धी होगा और स्थानीय निर्माता उच्च गुणवत्ता वाले सामान प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बनाने के लिए प्रोत्साहित होंगे, जो प्रधानमंत्री के विकसित भारत मिशन का एक मुख्य तत्व है।

सीईटीए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौतों के लिए एक मानक है। यह भारत के मूल हितों से समझौता किए बिना वंचित लोगों के लिए आकर्षक वैश्विक अवसर खोलता है। यह दिखाता है कि नया भारत कैसे व्यापार करता है।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं।)

## एक नजर

### पीएम नवोदय विद्यालय बीजापुर में विभिन्न पद के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 30 जून को

**बीजापुर 24 जून।** पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, बीजापुर में योग शिक्षक, एटीएल फैसिलिटेटर, खेल कोच, नृत्य विशेषज्ञ, संगीत विशेषज्ञ, महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षक, भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं वार्डन के संविदा पद पर नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजित किया गया है। साक्षात्कार 30 जून (मंगलवार) को प्रातः 10.00 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।जारी सूचना अनुसार यह स्पष्ट किया गया है कि नियुक्ति पूर्णतः संविदा आधार पर की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

### पंजीकृत महिला श्रमिकों को ई-रिक्शा के लिए मिलेगी 1.50 लाख रुपये की सहायता

**कांकेर, 24 जून ।** छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत महिला श्रमिकों के लिए 'दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना' संचालित है जिसके अन्तर्गत मंडल में 03 वर्षों से अधिक समय से पंजीकृत महिला हितग्राही जिसका ड्राईविंग लाईसेंस बना हो वे पात्र होंगे। श्रम विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों को ई-रिक्शा के लिए 01 लाख 50 हजार रूपए डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राही के बैंक खाते में अन्तरण की जावेगी। यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उनके जीवन स्तर को सुधार करने का महत्वपूर्ण योजना है, जिससे वे ई-रिक्शा का संचालन कर अधिक आय अर्जित कर पायेंगे। उक्त योजना के संबंध में हितग्राही अधिक जानकारी या आवेदन की प्रक्रिया हेतु कार्यालय श्रम पदाधिकारी कांकेर अथवा जनपद पंचायतों के श्रम संसाधन केन्द्र में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

### अल-नीनो की संभावना को देखते हुए कृषि विभाग ने दी किसानों को सामयिक सलाह

**कांकेर, 24 जून ।** अल-नीनो की संभावित प्रभाव के कारण खरीफ सीजन में मानसून के देर से आने, शीघ्र समाप्त होने तथा फसल अवधि के दौरान खण्ड वर्षा की संभावना को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए सामयिक सलाह जारी की गई है।किसानों को सलाह दी गई है कि वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व खेतों एवं मेड़ों की सफाई, जुताई तथा भूमि तैयारी के सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लेने चाहिए। अल-नीनो की परिस्थितियों को देखते हुए किसानों को कम एवं मध्यम अवधि में पकने वाली फसलों एवं उन्नत किस्मों का चयन करें, जिससे वर्षा की अनिश्चिता का प्रभाव कम हो। धान की रोपा पद्धति के बजाय धान की सीधी बुवाई को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है। धान की सीधी बुवाई से लगभग 20 प्रतिशत पानी की बचत होती है, खेती की लागत में लगभग 5 हजार रुपये प्रति एकड़ तक कमी आती है तथा फसल 12 से 15 दिन पहले तैयार हो जाती है।

### साहू समाज ने किया मेधावी बच्चों को सम्मानित



**अंवरी, 24 जून।** साहू समाज अंवरी एवं तहसील कुरूद के पदधिकारी द्वारा कक्षा 10 वी 12 वी में प्रथम स्थान लाने वाले विद्यार्थी को सम्मानित किया गया । जिसमें कक्षा 10 में प्रथम स्थान में महिमा चेलक, दुसरा थानेश्वरी , तीसरा ईशा, को सम्मानित किया गया। जिसमें लेखराम साहू तहसील कुरूद उपाध्यक्ष, रेखराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, दाउवा राम साहू, भुनेश्वर साहू, प्रचार्य एन के मेश्राम, पी एन साहू, आई आर साहू, के एल यादव, पी सिन्हा, के एल गोघारे, वी चन्द्राकार, के पी धीवर, डी के साहू, वी पी जोशी, डी के कुर्रे, लक्ष्मीकांत साहू, एन एस नेताम, पी के डहरे सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं उपस्थित थे ।

### टास्क फोर्स के निर्देशानुसार कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई सहित जन जागरूकता अभियान चलाया

**जगदलपुर 24 जून ।** कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में सयुंक्त अभियान के तहत अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेश्वर नाग के मार्गदर्शन में मंगलवार को उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती शुशन्ता लकड़ा के नेतृत्व में अंतराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में 22 जून से 26 जून 2026 तक जंनजागरूकता अभियान चलाये जाने व कोटपा एक्ट संबँधी चालानी कार्यवाही के साथ साथ पशु क्रूरता के संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 के तहत आम नागरिकों को जागरूक कर बताया गया। इस दौरान बतख-मुर्गे को बाँधकर उल्टा लटकाकर क्रूरतापूर्वक नहीं लेजाने की जगह टोकरी अथवा झोले मे रखकर लेजाने के बारे में अवगत कराया गया।


---

नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी और कर्मचारियों को सेवा से पृथक करने की मांग

# शिक्षक राजू पुजारी आत्महत्या मामला: 48 घंटे का अल्टीमेटम, गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**बीजापुर 24 जून।** प्राथमिक शाला मंझारपारा, पालनार के प्रधान अध्यापक स्व. राजू पुजारी आत्महत्या मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मामले में नामजद आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज छत्तीसगढ़ तेलंगा और तेलगा समाज समिति तथा सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टर बीजापुर को ज्ञापन सौंपा है।

समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि घटना को दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस और प्रशासन द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। जिससे समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।

#### आखिर किसके संरक्षण में घूम रहे आरोपी

समाज ने ज्ञापन में सवाल उठाया है कि जब आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, तब भी पुलिस उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं कर पा रही है। परिजनों और समाज के लोगों का कहना है कि ÷न गिरफ्तारी हो रही है, न विभागीय कार्रवाई... आखिर आरोपियों को किसका संरक्षण प्राप्त है।

#### फरार कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की मांग

ज्ञापन में जिला मिशन समन्वयक कार्यालय के दो कर्मचारियों—सहायक कार्यक्रम समन्वयक एवं तकनीकी सहायक—पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। समाज का कहना है कि लंबे समय से अनुपस्थित रहने के बावजूद इन कर्मचारियों के खिलाफ कोई विभागीय कार्रवाई नहीं की गई, जो शासन के नियमों के विपरीत है।

#### 48 घंटे में कार्रवाई नहीं तो चक्का जाम

आदिवासी समाज ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 48 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी और संबंधित कर्मचारियों को सेवा से पृथक करने की कार्रवाई नहीं की गई, तो जिला मुख्यालय बीजापुर में चक्का जाम, धरना-प्रदर्शन, रैली और उग्र आंदोलन किया जाएगा। आक्रोशित लोगों ने कहा कि 22 अप्रैल 2026 को हुई घटना के बाद से लगातार ज्ञापन और मांग पत्र सौंपे जा रहे हैं, लेकिन अब तक न तो नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और न ही संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कोई प्रभावी विभागीय कार्रवाई की गई है। समाज के द्वारा कहा है कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की पूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

---

नए स्कूल भवन, आंगनबाड़ी, पानी और दस्तावेज संबंधी समस्याओं के समाधान मिला आश्वासन

# चोखनपाल पहुंचे भाजपा जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 24 जून।** जिला मुख्यालय से लगभग 35 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत गोंगला के आश्रित ग्राम चोखनपाल में मंगलवार को ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने भाजपा जनप्रतिनिधि पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा फोन के माध्यम से शिकायत मिलने पर तत्काल गांव पहुंचकर ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात की गई और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि गाव में नए स्कूल भवन का निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र की समस्याएं, सौर ऊर्जा आधारित नल की खराबी सहित बड़ी संख्या में लोगों के राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र से संबंधित समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं।ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही के जी सुधाकर ने पूर्व मंत्री महेश गागड़ा तथा बीजापुर कलेक्टर विश्वदीप को फोन के माध्यम से अवगत कराया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद गांव की वर्षों पुरानी समस्याओं का जल्द समाधान होगा। भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक के.जी. सुधाकर इन दिनों लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष पहुंचा रहे हैं। अब देखना होगा कि शासन प्रशासन इन समस्याओं का जल्द समाधान करता है या फिर आश्वासनों तक ही सीमित होगा यह बुद्धिजीवियों में कौतूहल का विषय बना हुआ है।



# अंदरूनी क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 24 जून।** जिले के अंदरूनी क्षेत्रों के ग्राम पदमुर, भोगमगुड़ा और रेगड़गट्टा के विद्यालयों में मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को पुस्तकें भी वितरित किए गए।इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लच्छू ताती, पदेडा सरपंच मुन्नी भोगाम एवं संकुल प्राचार्य शरद सोनवानी सहित शिक्षक, पालक और ग्रामीण उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पुस्तकें एवं गणवेश वितरित कर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

---

# दंतेवाड़ा फॉरेस्ट नाका के पास देखे गए 3 हिरण

■ पानी की तलाश में शहर के नजदीक पहुंचा हिरणों का झुंड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 24 जून।** बीती रात वनोपज जांच नाका के पास ही रोड क्रॉस करते हुए 3 हिरणों के झुंड को देखा गया। हिरणों को देख दंतेवाड़ा से बालूद एवं बालूद की ओर से दंतेवाड़ा आने वाले राहगीर चौक पड़े और अपने वाहनों को कुछ देर के लिए वहीं रोड पर रोक दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंगलवार रात करीब 11 बजे बालूद रोड में स्थित फॉरेस्ट जांच नाका के कुछ ही दूरी पर सड़क पार करते हुए 3 हिरणों को उन्होंने अपने आंखों से देखा। हिरण इंसानों को देखकर कुछ देर के लिए वहीं सड़क पर ही खड़े रहे। फिर चहल कदमी करते हुए आराम से रोड पार कर दूसरी तरफ चले गए। इस दौरान हिरणों ने गड्ढे में जमा बारिश का पानी भी पिया। 5 से 7 मिनट तक सड़क के किनारे ही खड़े रहे उसके बाद वाहनों के हैडलाइट की रोशनी उन पर पड़ते ही वे किसी अनहोनी को भांपकर दूसरी तरफ सुरक्षित जंगल की ओर भाग खड़े हुए। हिरण को नजदीक से देखने वाले बालूद के युवक रामसिंह व खेमू ठाकुर ने बताया कि हिरन को इतने करीब से देखने का सुखद अवसर उन्हें पहली बार मिला । हिरणों को देखकर मन बेहद प्रसन्न हुआ। बता दें कि जिन इलाकों में हिरन देखे गए वे संरक्षित क्षेत्र में आता है। पहले भी कई बार इन क्षेत्रों में हिरणों के झुंड को।देखा गया है। अक्सर गर्मी के मौसम में हिरन इन इलाकों में पानी की तलाश में भटककर शहर की तरफ आ जाते हैं। कई बार हिरन रिहायशी इलाकों में भी घुस जाते हैं। बाद में वन कर्मी इन्हें किसी तरह पकड़कर फिर से जंगल में ले जाकर छोड़ देते हैं।

# वार्षिक मेला में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 24 जून।** बस्तर जिला मुख्यालय के धरमपुरा में अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड के शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष वार्षिक मेला का आयोजन होता है । वार्षिक मेला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने माता शीतला मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना किया। साथ ही जनता से सीधे संवाद कर उनके समस्याओं के समाधान करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।?

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि शीतला माता मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मेला में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। मेला में आयें सभी क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस को बधाई एवं शुभकामनाएं । बस्तर में आयोजित मेला,मंडई का अपना विशेष महत्व होता है। जिसमें हमारी बस्तर की कला संस्कृति,परम्परा का समावेश होता है। । इस दौरान मेला में प्रमुख रूप से आर्येद्र सिंह, मनोहर तिवारी, पार्षद बंसती समरथ, पूनम सिन्हा, अभिजीत प्रताप, वीर प्रताप, आर्दश बधेल, पप्पू राम नाग, शंकर निषाद, मंगलू राम, मानिक राम पंत, मंदिर समिति के सदस्य एवं देवतुल्य जनमानस उपस्थित थे।

---

# बच्चों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता: देव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 23 जून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव ने आज मंगलवार को वृंदावन कॉलोनी स्थित बाल गृह का निरीक्षण कर वहां निवासरत देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल, सुरक्षा तथा उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की स्थिति, पोषण व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं, शैक्षणिक गतिविधियों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने बच्चों से आत्मीय संवाद स्थापित किया और उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल अत्यंत संवेदनशीलता और समर्पण के साथ किया जाना चाहिए। ऐसे संस्थानों में बच्चों के लिए सुरक्षित, सम्मान जनक एवं पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बाल गृह के अधीक्षक एवं कर्मचारियों को बच्चों की सेवा और देखभाल के प्रति अधिक सक्रिय एवं संवेदनशील रहने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार बच्चों के कल्याण एवं विकास के लिए सुविधाओं का निरंतर विस्तार और उन्नयन कर रही है।इस अवसर पर विधायक ने अपने प्रयासों से निर्मित छत्तीसगढ़ के प्रथम मॉडल बाल गृह एवं बाल कल्याण समिति कार्यालय के पूर्ण हो चुके उन्नयन कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि देख-रेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को बेहतर आवासीय, शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। बच्चों के रहने का स्थान स्वच्छ, सुरक्षित एवं उत्कृष्ट स्तर का होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मॉडल बाल गृह के विकास का यह प्रथम चरण है, तथा आगामी समय में बच्चों के लिए अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना शासन की जिम्मेदारी है तथा इस दिशा में हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव की बच्चों के प्रति संवेदनशीलता तथा मॉडल बाल गृह के उन्नयन कार्यों के लिए बाल कल्याण समिति, बस्तर के अध्यक्ष नरेन्द्र पाणिग्राही, समिति के सदस्यों, बाल गृह के प्रभारी अधीक्षक मनोजकांत जोशी, कर्मचारियों एवं बच्चों ने उनका आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

निरीक्षण के दौरान बाल कल्याण समिति, बस्तर के अध्यक्ष नरेन्द्र पाणिग्राही, सदस्य श्रीमती वर्षा श्रीवास्तव, श्रीमती धनेश्वरी वर्मा, रामकृष्ण ठाकुर, बाल गृह के प्रभारी अधीक्षक मनोजकांत जोशी, रंजीता जोशी, पलक साव, माहेश्वरी सरवन, सोमा सरकार, मेघा चौहान सहित बाल गृह के बच्चे उपस्थित रहे।

### जिले के किसानों को अब तक 4484 क्विंटल बीज का वितरण

**कांकेर, 24 जून ।** कृषि विभाग के उप संचालक जितेन्द्र कोमरा ने दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर 'सोसायटी में यूरिया-बीज की कमी, भटक रहे किसान' के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12021 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में समितियों में 9363 क्विंटल बीज का भंडारण किया जाकर 4484.04 क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है और अभी 1814.60 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जिसका भंडारण किया जा रहा है। उर्वरक भंडारण व वितरण के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिले में 64560 मेट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य रखा गया है तथा अब तक 49976.182 मेट्रिक टन खाद का भंडारण किया जा चुका है। जिले के सहकारी समितियों में 34766.189 मेट्रिक टन एवं निजी विक्रय केंद्रों में 15209.993 मेट्रिक टन उर्वरक भंडारण किया जाकर 27747.135 मेट्रिक टन खाद जिले के किसानों को सहकारी समितियों एवं निजी विक्रय केंद्रों के माध्यम से वितरित किया जा चुका है।

किसानों को एक बोरी डीएपी के साथ दो बोरी यूरिया देने की व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों द्वारा रासायनिक उर्वरकों की अनुशंसित मात्रा के आधार पर किसानों को प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया और एक बोरी डीएपी तथा एक बोरी एमओपी वितरित किया जा रहा है।

---

# छह साल से निभा रहे राजस्व निरीक्षक की जिम्मेदारी, अब सामूहिक इस्तीफे से मचा हड़कंप

■ काम पूरा लिया, न पदोन्नति मिली न मानदेय, प्रभारी राजस्व निरीक्षकों ने छोड़ा प्रभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 24 जून।** जिले की राजस्व व्यवस्था पर बड़ा संकट मंडराने लगा है। वर्ष 2020 से प्रभारी राजस्व निरीक्षक के रूप में कार्य कर रहे वरिष्ठ पटवारियों ने वर्षों की उपेक्षा और अनदेखी से आहत होकर सामूहिक रूप से अपने प्रभार से मुक्त किए जाने की मांग करते हुए इस्तीफा सौंप दिया है। वर्षों से अतिरिक्त जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे इन कर्मचारियों का आरोप है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों सरकारों के कार्यकाल में उनसे राजस्व निरीक्षक का पूरा कार्य लिया गया, लेकिन आज तक न तो उन्हें नियमित पदोन्नति मिली और न ही कोई विशेष मानदेय प्राप्त हुआ।

प्रभारी राजस्व निरीक्षकों का कहना है कि पिछले लगभग छह वर्षों से वे राजस्व निरीक्षक के सभी दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। बीजापुर, गंगालूर, भैरमगढ़, नेलसनार, कुटरू, भोपालपटनम, मद्देड, उसूर और बासागुड़ा जैसे दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उन्होंने शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निभाई अहम भूमिका वन अधिकार पत्र वितरण, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, राजस्व प्रकरणों के निराकरण सहित शासन के विभिन्न विशेष अभियानों में इन अधिकारियों की भूमिका अहम रही है। हाल ही में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान भी प्रभारी राजस्व निरीक्षकों ने गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया और शासन की योजनाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।कर्मचारियों का कहना है कि बीजापुर जैसे दुर्गम और नक्सल प्रभावित जिले में विषम परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सेतु का काम किया, लेकिन वर्षों की सेवा के बाद भी उन्हें अपेक्षित सम्मान नहीं मिला।

#### 2020 में सौंपी गई थी जिम्मेदारी

कार्यालय कलेक्टर बीजापुर के आदेश क्रमांक 617/कले./भू.अ./स्था./2020 दिनांक 27 अगस्त 2020 के तहत 20 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके योग्य पटवारियों को प्रभारी राजस्व निरीक्षक के रूप में विभिन्न मंडलों में पदस्थ किया गया था। इसके तहत जीवन सिंह कुंजाम, हितेंद्र पामभोई, शंकरलाल कटलाम, के.जी. यशवंतराव सहित अन्य वरिष्ठ पटवारियों को विभिन्न राजस्व निरीक्षक मंडलों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

#### 16 पद स्वीकृत, फिर भी पदोन्नति नहीं

जानकारी के अनुसार जिले में राजस्व निरीक्षक के कुल 16 स्वीकृत पद हैं, जिनमें 14 पद भरे हुए हैं और 2 पद रिक्त हैं। इसके बावजूद कई वर्षों से प्रभारी के रूप में कार्यरत कर्मचारियों को नियमित पदोन्नति नहीं दी गई है।

#### प्रशासन के लिए बन सकती है बड़ी चुनौती

प्रभारी राजस्व निरीक्षकों के सामूहिक रूप से प्रभार छोड़ने के फैसले से जिले की राजस्व व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। सीमांकन, नामांतरण, वन अधिकार पत्रों से जुड़े कार्यों और विभिन्न प्रशासनिक अभियानों पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।

बीजापुर जैसे संवेदनशील जिले में राजस्व अमले की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। ऐसे में कर्मचारियों की यह नाराजगी अब केवल पदोन्नति का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि मेहनत, सम्मान और अधिकार की लड़ाई बनकर सामने आई है।शासन का तर्क है कि राजस्व निरीक्षक परीक्षा उत्तीर्ण किए बिना नियमित पदोन्नति नहीं दी जा सकती, लेकिन कर्मचारियों का सवाल है कि जब बिना प्रशिक्षण और पदोन्नति के उनसे वर्षों तक राजस्व निरीक्षक का कार्य लिया जा सकता है, तो उन्हें पदोन्नति का लाभ देने में देरी क्यों की जा रही है।अब सभी की निगाहें शासन प्रशासन पर टिकी हैं कि वर्षों से अतिरिक्त जिम्मेदारी निभा रहे इन कर्मचारियों की मांगों पर क्या निर्णय लिया जाता है यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एक नजर

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित निराकरण पर प्रशासन का विशेष फोकस

**धमतरी, 24 जून ।** आमजन की समस्याओं के समयबद्ध समाधान और सुशासन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की नियमित समीक्षा की जा रही है। 23 जून 2026 की स्थिति में जिले में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 835 शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें से 395 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 440 शिकायतें विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं।प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में सर्वाधिक 183 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें से 65 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। ऊर्जा विभाग में 141 शिकायतों में से 67 तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में प्राप्त 128 शिकायतों में से 63 शिकायतों का निराकरण किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने 50 शिकायतों में से 40 शिकायतों का निराकरण कर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।इसके अलावा कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा खनिज संसाधन विभाग द्वारा भी शिकायतों के निराकरण की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 324 शिकायतें ऐसी हैं जिनका निराकरण किया जा चुका है तथा संबंधित आवेदकों से फीडबैक प्राप्त किया जाना शेष है, जबकि 71 शिकायतों का पूर्ण रूप से निराकरण कर दिया गया है।

### कुरूद में बालिका शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

**धमतरी, 24 जून ।** बालिका शिक्षा को सुदृढ़ आधार प्रदान करने तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुरूद में निर्मित 8 नवीन कक्षों एवं आधुनिक शौचालय भवन का लोकार्पण 28 जून 2026 को किया जाएगा। यह परियोजना रायपुर कैपिटल राउंड टेबल के सहयोग से पूर्ण की गई है।लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक श्री अजय चंद्राकर होंगे। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, सामाजिक संगठन, पालकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।नवीन कक्षों के निर्माण से विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा। वहीं आधुनिक शौचालय सुविधा से छात्राओं की स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं गरिमा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। यह पहल विद्यालयी अधोसंरचना को मजबूत बनाने के साथ-साथ बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।रायपुर कैपिटल राउंड टेबल 241 द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक योगदान को समुदाय में विशेष रूप से सराहा जा रहा है। संस्था का ÷स्त्रभश्चह्ल ज्रस्त्रड्डश्चह्ल ज् द्धद्बश्चह्म्भ्द्द÷ का ध्येय शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामुदायिक विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।यह लोकार्पण केवल भवनों का उद्घाटन नहीं, बल्कि क्षेत्र की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य, आत्मविश्वास और बेहतर अवसरों की ओर बढ़ाया गया एक सशक्त कदम है। आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जित यह परिसर आने वाले वर्षों में छात्राओं के सर्वांगीण विकास तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए मानक स्थापित करेगा।

### उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत श्रमिकों के मेधावी बच्चों को दिया जाएगा कक्षा 6वीं में प्रवेश

**कांकेर 24 जून ।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों के लिए संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत् वर्ष 2026-27 में कक्षा 06 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। ईच्छुक एवं पात्र हितग्राही आगामी 03 जुलाई तक श्रम विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

श्रमपदाधिकारी ने बताया कि योजना के अन्तर्गत छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के ऐसे मेधावी बच्च्चों का चयन किया जावेगा जिन्होंने कक्षा पांचवी उत्तीर्ण की हो, चयनित विद्यार्थियों को कक्षा छठवीं से बारहवीं तक प्रदेश के प्रतिष्ठित आवसीय विद्यायलों में निःशुल्क शिक्षा आवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध करायी जावेगी। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर उनके उज्जवल भविष्य का निर्माण करना है। पात्र अभिभावक (श्रमिक) निर्धारित समायवधि में ऑनलाईन आवेदन अवश्य करें क्योंकि अंतिम तिथि 03 जुलाई के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए श्रम पदाधिकारी कार्यालय कांकेर में संपर्क किया जा सकता है।

### जिलास्तरीय रोजगार मेला 30 जून को, 425 पदों पर होगी भर्ती

**महासमुंद 24 जून ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुंद द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 30 जून 2026 को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला शासकीय आईटीआई, ग्राम लभराखुर्द, महासमुंद में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।उपसंचालक रोजगार डॉ. शशी अतुलकर ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्थाएं स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड, स्टार आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस सोसायटी एनआईटी लिमिटेड, प्रेम सोलर एनर्जी एंड इंटरप्राइजेज, यूनिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड तथा एलआईसी महासमुंद द्वारा भर्ती की जाएगी। विभिन्न कंपनियों में 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए कुल 425 रिक्त पदों पर चयन किया जाएगा।रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक एवं पात्र आवेदकों को अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, रोजगार पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बायोडाटा की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित होना होगा।

436 ऑपरेशनों का फर्जीवाड़ा-दस्तावेज के मिलान से खुली बस्तर स्वास्थ्य विभाग की पोल

# लाइफलाइन एक्सप्रेस के निशुल्क ऑपरेशनों को सरकारी खाते में डाल डकारी प्रोत्साहन राशि

मृण्मय बारोई

**जगदलपुर, 24 जून।** देश के गरीब, वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए वित्तीय सुरक्षा देने के उद्देश्य से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी। मकसद साफ था।ग्रामीण और शहरी इलाकों के अंतिम व्यक्ति तक 5 लाख तक का मुफ्त कैशलेस इलाज पहुंचे। लेकिन बस्तर जिले में जिम्मेदार स्वास्थ्य अधिकारियों ने गरीबों को सेवा देने के बजाय इस जनहितैषी योजना में भी भ्रष्टाचार के नए रास्ते खोज निकाले हैं।

ताजा मामला लाइफलाइन एक्सप्रेस% और महारानी अस्पताल जगदलपुर से जुड़ा है, जहां निशुल्क किए गए मोतियाबिंद के ऑपरेशनों को आयुष्मान योजना के तहत फर्जी तरीके से ब्लॉक कर लाखों रुपये की प्रोत्साहन राशि का बंदरबांट कर लिया गया।

इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन की निशुल्क सेवा पर डाला डाका

दूर-दराज के दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले गरीब मरीजों को मुफ्त सर्जरी और चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अप्रैल 2022 में लाइफलाइन एक्सप्रेस बस्तर जिले के जगदलपुर रेलवे स्टेशन पहुंची थी। इस मोबाइल ट्रेन अस्पताल में कुल 436 मरीजों का मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन किया गया था। नियमों के मुताबिक, बस्तर जिले के किसी भी स्थानीय डॉक्टर को इस शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन) के लिए अनुमति नहीं थी। बाहर के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ये ऑपरेशन किए थे।

**भ्रष्टाचार का खेल-** महारानी अस्पताल जगदलपुर के आयुष्मान नोडल अधिकारी डॉ. भंवर लाल शर्मा और नेत्र चिकित्सा नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ. सरिता थॉमस की कथित मिलीभगत से एक बड़ा खेल रचा गया। लाइफलाइन एक्सप्रेस में मुफ्त हुए इन 436 ऑपरेशनों को जिला चिकित्सालय जगदलपुर के खाते में आयुष्मान योजना के अंतर्गत दर्ज (ब्लॉकिंग) कर दिया गया। इसके एवज में शासन से मिलने वाली लगभग 25 से 30 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि का गबन कर लिया गया।




### पुख्ता दस्तावेज आए सामने, खुली पोल

हैरानी की बात यह है कि जिला चिकित्सालय की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता थॉमस द्वारा लाइफलाइन एक्सप्रेस में एक भी ऑपरेशन नहीं किया गया था, फिर भी शासन को गुमराह कर गलत जानकारी भेजी गई। तरुण छत्तीसगढ़ के पास मौजूद पुख्ता दस्तावेजों में इस भ्रष्टाचार का साफ खुलासा हुआ है।लाइफलाइन एक्सप्रेस के मूल रिकॉर्ड और आयुष्मान योजना के दस्तावेजों का मिलान करने पर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

### बड़े घोटाले की आशंका, उठ रहे गंभीर सवाल

मरीज दुर्जन, रामचंद्र और बैदेही इनका ऑपरेशन लाइफलाइन एक्सप्रेस में डॉ. राजू द्वारा किया गया था।

मरीज बुदनती- इनका ऑपरेशन डॉ. विकास द्वारा किया गया था।

मरीज लेखन-इनका ऑपरेशन डॉ. अंचल द्वारा किया गया था।

इन बाहरी डॉक्टरों द्वारा किए गए ऑपरेशनों को स्थानीय नोडल अधिकारियों ने अपने नाम और अस्पताल के खाते में दिखाकर सरकारी खजाने को चूना लगाया।

यह खुलासा तो सिर्फ नेत्र विभाग (मोतियाबिंद ऑपरेशन) से जुड़े दस्तावेजों से हुआ है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत अन्य कई विभागों में भी बड़े पैमाने पर चिकित्सा कार्य होते हैं। ऐसे में आयुष्मान नोडल अधिकारी की भूमिका और प्रोत्साहन राशि में हुआ यह खेल बस्तर के स्वास्थ्य महकमे में एक बहुत बड़े रैकेट की ओर इशारा कर रहा है। मुझे जानकारी नहीं, फाइल देखता हूं। सिविल सर्जन-इस पूरे भ्रष्टाचार और गंभीर मामले को लेकर जब तरुण छत्तीसगढ़ ने जिम्मेदार अधिकारी सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद से फोन पर उनका पक्ष जानना चाहा, तो उन्होंने मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा संबंधित मामले में अभी मेरे पास कोई जानकारी नहीं है। आपके (मीडिया) माध्यम से ही मुझे यह बात पता चली है। मैं कार्यालय पहुंचकर इस मामले से संबंधित दस्तावेजों और फाइलों को देखता हूँ। अब देखना यह होगा कि गरीबों के हक पर डाका डालने वाले और प्रधानमंत्री की ड्रीम योजना को कलंकित करने वाले इन रसूखदार डॉक्टरों पर प्रशासन क्या और कितनी जल्दी कार्रवाई करता है।

# सुभाष चंद्र बोस कन्या आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 24 जून ।** जिले में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा दूरस्थ एवं वंचित वर्ग की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सुभाष चंद्र बोस कन्या आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी के निर्देशन में समग्र शिक्षा विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में इन विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन आवासीय विद्यालयों का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों की बालिकाओं को सुरक्षित आवासीय वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। वर्तमान में जिले के दुर्गूकोंदल, कोयलीबेड़ा, नरहरपुर एवं कांकेर विकासखंडों में सुभाष चंद्र बोस कन्या आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जहां छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के अवसर भी प्रदान किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा, सुरक्षित आवास, पौष्टिक भोजन, गणवेश, पाठ्यपुस्तकें तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है।कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने विशेष रूप से अनाथ, पितृविहीन, आर्थिक रूप से कमजोर, शाला त्यागी एवं आउट ऑफ स्कूल बालिकाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों, प्रधानाध्यापकों एवं संस्था प्रमुखों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों तक जानकारी पहुंचाने की निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले की प्रत्येक पात्र बालिका गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़कर आत्मनिर्भर बने और अपने सपनों को साकार कर सके।



जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक श्री नवनीत पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम बेवरती में विद्यालय का नवीन एवं स्थायी भवन पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है। आगामी शैक्षणिक सत्र से यहां 200 छात्राओं की क्षमता के अनुरूप नियमित संचालन किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखंड दुर्गूकोंदल स्थित शिक्षा हब परिसर में संचालित विद्यालय में भी 200 छात्राओं के प्रवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विकासखंड नरहरपुर एवं कोयलीबेड़ा में स्थायी भवनों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। निर्माण पूर्ण होने के पश्चात दोनों विद्यालयों में भी 200-200 छात्राओं की क्षमता के साथ पूर्णकालिक आवासीय संचालन प्रारंभ किया जाएगा। वर्तमान में नरहरपुर का विद्यालय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना परिसर में तथा कोयलीबेड़ा का विद्यालय छोटेबेठिया में संचालित किया जा रहा है, जहां कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई नियमित रूप से जारी है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के पालकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों का प्रवेश इन आवासीय विद्यालयों में कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि बेटियों को सशक्त, आत्मविश्वासी एवं समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# स्टार्टअप मीटअप धमतरी में नवाचार और उद्यमिता पर मंथन



**धमतरी, 24 जून ।** जिले में नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन तथा स्टार्टअप धमतरी के सहयोग से पहल को-वर्किंग स्पेस, भटगांव रोड में ÷स्टार्टअप मीटअप धमतरी÷ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से 50 से अधिक स्टार्टअप संस्थापक, युवा उद्यमी, विद्यार्थी, नवाचारकर्ता एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उद्यमी एवं एंजेल इन्वेस्टर श्री प्रबल तोमर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय नवाचार, तकनीक और उद्यमिता का युग है। युवाओं को केवल रोजगार प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपनी रचनात्मक सोच, कौशल और नवाचार के माध्यम से रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर सफल स्टार्टअप की शुरुआत किसी समस्या के प्रभावी समाधान से होती है। यदि युवा स्थानीय आवश्यकताओं और चुनौतियों को समझकर समाधान आधारित कार्य करें, तो वे न केवल आर्थिक रूप से सफल हो सकते हैं बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन भी ला सकते हैं।तोमर ने स्टार्टअप की अवधारणा से लेकर व्यवसाय मॉडल निर्माण, निवेश आकर्षित करने की रणनीति, बाजार की आवश्यकताओं की समझ तथा निवेशकों की अपेक्षाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि उद्यमिता की यात्रा में आने वाली चुनौतियां और असफलताएं सीखने का अवसर प्रदान करती हैं तथा निरंतर प्रयास, धैर्य और नवाचार ही सफलता का आधार हैं।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सफल उद्यमियों एवं नवाचारकर्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। श्री विजय वर्मा श्रीमती सुनीता पंजवानी (सैनिटरी पैड यूनिट), श्री हिमांशु राहुल (शेयर ट्रेडिंग) तथा श्री रोहन ने अपने उद्यम की स्थापना, चुनौतियों, नवाचार और विकास यात्रा से जुड़े अनुभव प्रतिभागियों के साथ साझा किए। इससे उपस्थित युवाओं को उद्यमिता के व्यावहारिक पक्ष को समझने का अवसर मिला। विशेष सत्र में श्री रोहन ने धान उत्पादन एवं राइस मिलिंग सेक्टर की सप्लाई चेन से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान हेतु तकनीक आधारित व्यावसायिक संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस चर्चा ने कृषि, एग्री-प्रोसेसिंग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े नवाचार आधारित स्टार्टअप की संभावनाओं को लेकर प्रतिभागियों के बीच नई सोच विकसित की।कार्यक्रम के दौरान आयोजित नेटवर्किंग एवं ओपन डिस्कशन सत्र में प्रतिभागियों ने अपने स्टार्टअप आइडियाज, व्यवसायिक चुनौतियों और संभावित समाधानों पर खुलकर चर्चा की।

### वर्षाकालीन मौसमी बीमारियों से निपटने बस्तर संभाग में 180 कॉम्बेट दल गठित

**जगदलपुर 24 जून ।** वर्षाकाल में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए बस्तर संभाग के सभी जिलों में स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। जिला स्तर के साथ-साथ विकासखंड और सेक्टर स्तर पर विशेष कॉम्बेट दलों का गठन किया गया है, वहीं आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक विकासखंड में अलग चिकित्सा सहायता टीम भी बनाई गई है।संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि बस्तर संभाग के सभी जिलों में कुल 180 कॉम्बेट दल गठित किए गए हैं। वर्षा ऋतु के दौरान पहुंचविहीन क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पास जीवन रक्षक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण किया गया है। इसके अलावा आश्रम एवं छात्रावासों में भी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं तथा अधीक्षकों को दवाइयों के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की मितानिनों की मुख्यमंत्री दवा पेटी में नियमित रूप से दवाइयों की रिफिलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# धमतरी के ऑडिटोरियम, चौपाटी और क्रिकेट स्टेडियम को मिलेगा आधुनिक स्वरूप

**धमतरी, 24 जून ।** जिले में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं शहरी अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने शहर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम, कांटा तालाब चौपाटी, सड़क चौड़ीकरण कार्य तथा पीजी कॉलेज स्थित क्रिकेट स्टेडियम में विकसित की जा रही सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से धमतरी शहर को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित स्वरूप मिलेगा तथा नागरिकों को बेहतर यातायात, मनोरंजन, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं खेल सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य धमतरी को एक सुविधासंपन्न, आकर्षक एवं जनोन्मुखी शहर के रूप में विकसित करना है।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सिहावा चौक से कोलियरी तथा रत्नाबांधा से मुजगहन तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने ड्रेनेज व्यवस्था, पैदल पथ निर्माण, विद्युत लाइन शिफ्टिंग एवं यातायात प्रबंधन से संबंधित कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से शहर की यातायात व्यवस्था अधिक सुगम और सुरक्षित होगी।इसके पश्चात कलेक्टर ने सिहावा चौक के समीप निर्माणाधीन अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन में फाल्स सीलिंग, वातानुकूलन व्यवस्था, उन्नत साउंड सिस्टम, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था तथा दर्शकों के लिए आरामदायक बैठने की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम के निर्माण पूर्ण होने पर जिले में सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन को नई पहचान मिलेगी। कलेक्टर ने अक्टूबर माह तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री मिश्रा ने कांटा तालाब में विकसित की जा रही चौपाटी का निरीक्षण करते हुए इसे शहर का प्रमुख आकर्षण केंद्र बनाने पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों की सुविधा के लिए बहु-प्रवेश द्वार विकसित करने, व्यवस्थित दुकानों का निर्माण, आकर्षक सेल्फी पॉइंट, सौंदर्यीकरण एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौपाटी विकसित होने से नागरिकों को परिवार सहित मनोरंजन एवं अवकाश बिताने के लिए बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर स्थित क्रिकेट स्टेडियम का भी अवलोकन किया। यहां खिलाड़ियों की लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुरूप ड्रेसिंग रूम, रेस्ट रूम तथा किचन जैसी आवश्यक सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि इन सुविधाओं के विकसित होने के बाद स्टेडियम को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। इससे भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन की संभावनाएं बढ़ेंगी तथा जिले के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय खेल वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।कलेक्टर ने रत्नाबांधा एवं मुस्कान क्षेत्र के मध्य स्थित तालाब परिसर का भी निरीक्षण कर वहां चौपाटी निर्माण की संभावनाओं का परीक्षण किया। साथ ही पीजी कॉलेज मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि नागरिकों को स्थायी एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।



## समाचार संक्षेप

### अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए स्कूलों में चलाया जा रहा विशेष अभियान



**कांकेर, 24 जून।** जिले में बच्चों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों में विशेष शिविर आयोजित कर 05 से 17 वर्ष तक के बच्चों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार यूआईडीएआई के दिशा-निर्देशों के तहत 05 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर बच्चों का पहला अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराना आवश्यक है। इसी प्रकार 15 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद दूसरा अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करवाना भी आवश्यक है। यदि बच्चे का पहला अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट समय पर नहीं कराया गया है, तो पहला बायोमेट्रिक अपडेट निःशुल्क किया जा रहा है। इसके बाद बायोमेट्रिक अपडेट कराने पर 125 रुपये शुल्क लेने का प्रावधान है। वर्तमान में जिले में 05 से 17 वर्ष तक के बच्चों के लिए बायोमेट्रिक अपडेट की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।जिला प्रशासन ने सभी पालकों से अपील की है कि जिन बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट अभी तक नहीं हुआ है, वे अपने नजदीकी आधार केंद्र अथवा आयोजित विशेष शिविरों में पहुंचकर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट पूर्ण कराएं। आधार बायोमेट्रिक अपडेट होने से बच्चों की आधार संबंधी जानकारी अद्यतन रहती है, जिससे भविष्य में केवाईसी, स्कूल प्रवेश, छात्रवृत्ति तथा अन्य आधार आधारित सेवाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती। सभी अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि 05 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे बच्चे जिनका अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है, उनका आधार अपडेट जल्द से जल्द कराकर शासन की निःशुल्क सुविधाओं का लाभ उठाएं।

### पीएटी प्रवेश परीक्षा 28 जून को, जिले में 804 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कांकेर 24 जून।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आगामी 28 जून रविवार को पी.ए.टी., पी.वी.पी.टी. प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा पूर्वाह्न 10 से दोपहर 01.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कांकेर जिले में परीक्षा के लिए कुल चार परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें कुल 804 परीक्षार्थी शामिल होंगे।कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा पीएटी प्रवेश परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा श्री लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।कांकेर जिला मुख्यालय में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शासकीय भानुप्रताप देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 300-300, शासकीय इंदरू केवट कन्या महाविद्यालय में 104 तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम मॉडल कॉलेज में 100 परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु आवंटित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचने तथा प्रवेश पत्र एवं आवश्यक पहचान पत्र साथ लाने की सलाह दी गई है।

### राशन वितरण में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त

**जगदलपुर 24 जून।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के लिए बस्तर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत जिले की सभी ऑनलाइन उचित मूल्य दुकानों में राशन सामग्री का वितरण अब अनिवार्य रूप से ई-पॉस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों के आधार प्रमाणीकरण यानी बायोमेट्रिक द्वारा ही किया जाएगा। भारत सरकार की वन नेशन वन राशनकार्ड योजना के मूल उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आधार प्रमाणीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है, ताकि राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे। इस संबंध में जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि कई राशन दुकानों में बायोमेट्रिक के बजाय सीधे मोबाइल ओटीपी के जरिए राशन बांट दिया जाता है, जिससे गड़बड़ी और अनियमितता की आशंका बनी रहती है। इस व्यवस्था पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण केवल कुछ बेहद विशेष और सीमित परिस्थितियों में ही मान्य होगा। यह छूट केवल उन राशनकार्डों को मिलेगी जिनमें सभी सदस्यों की उम्र 60 वर्ष से अधिक या 10 वर्ष से कम हो या फिर वे एकल निराश्रित और निःशक्तजन राशनकार्डधारी हों जिनके पास नॉमिनी के माध्यम से राशन लेने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इन विशेष हितग्राहियों को भी ओटीपी का विकल्प तभी दिया जाएगा, जब उनका आधार प्रमाणीकरण का प्रयास भौतिक रूप से पूरी तरह विफल साबित हो जाए। इसके साथ ही नियमों को और सख्त करते हुए यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि किसी राशनकार्ड में मुख्य हितग्राही के स्थान पर कोई नामांकित व्यक्ति (नॉमिनी) राशन लेने पहुंचता है, तो उसे भी अनिवार्य रूप से अपने स्वयं के आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से ही खाद्यान्न का उठाव करना होगा। यदि तकनीकी खराबी के कारण बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण असफल होता है, तो उचित मूल्य दुकान संचालक इसकी जानकारी तत्काल संबंधित क्षेत्र के खाद्य निरीक्षक और तकनीकी टीम को देंगे ताकि तकनीकी समस्या का तुरंत निराकरण किया जा सके। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने सख्त हिदायत दी है ।

# उत्साह, सम्मान और नई उम्मीदों के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव, मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

साल्हेवारा 24 जून। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय (सेजेस) साल्हेवारा में मंगलवार, 23 जून 2026 को शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर नवप्रवेशी विद्यार्थियों की मुस्कान, अभिभावकों के उत्साह और सम्मान समारोह की गरिमा से सराबोर रहा। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा पहली से बारहवीं तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 1 से निकिता धारवे (91.44%) प्रथम एवं सुमन नायक (87.61%) द्वितीय, कक्षा 2 से



थांसु यादव (93.63%) प्रथम एवं मानवी मत्रे (91.05%) द्वितीय, कक्षा 3 से केशिका यादव (95%) प्रथम एवं मुक्ता मत्रे (91.14%) द्वितीय, कक्षा 4 से कुमेश मुंडी (84.72%) प्रथम एवं सूर्या धुरवे (84.71%) द्वितीय, कक्षा 5 से मानसी भेंडिये (91.50न) प्रथम एवं इशिता धारवे (91न) द्वितीय, कक्षा 6 से लक्ष्य वर्मा (94.30न) प्रथम एवं पूजा धुरवे (91.80न) द्वितीय, कक्षा 7 से लक्ष्य साहू (95.83%) प्रथम एवं वेदिका मराठा (94.33%) द्वितीय, कक्षा 8 से सिद्धि शर्मा (94.67%) प्रथम एवं शनि शुक्ला (91.33%) द्वितीय, कक्षा 9 से पीयूष साहू (92 .33%) प्रथम एवं तुषार कुमार (78न) द्वितीय, कक्षा 10 से ध्रुव पाठक (82.30%) प्रथम एवं नेहा साहू (74%) द्वितीय तथा कक्षा 11 से दीक्षा वर्मा (85.40%) प्रथम एवं हिमांशु शुक्ला (81.20%) द्वितीय स्थान पर रहे।हिन्दी माध्यम में कक्षा 9 से वासनी नामदेव प्रथम एवं रितेश सोनवानी द्वितीय, कक्षा 11 से पल्लवी चक्रधारी तथा कक्षा 12 से संदीप ठाकरे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का महत्व बताते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री निजाम मंडावी, जनपद सदस्य श्री पवार मेरावी, श्री गगन अग्रवाल, श्री मोहित रजक, श्री चंदू चक्रधारी, श्री बहादुर सिंह खुशरो, श्री गिरधारी लाल वर्मा, श्री रूप लाल यादव, श्री जगदीश राम पंचकपाट, श्री नरेंद्र कुमार पटले, श्रीमती सुजाता यादव (व्याख्याता अंग्रेजी), श्री महेश कुमार साहू (व्याख्याता हिन्दी), श्री विवेक दास महंत (व्याख्याता भौतिकी), श्री मयंक सिंह (व्याख्याता सामाजिक विज्ञान), श्री गजेन्द्र कुमार (व्याख्याता जीवविज्ञान), श्री सुनील कुमार राठौर (व्याख्याता संस्कृत), श्रीमती श्रद्धा साहू (विज्ञान शिक्षिका), श्री सौरभ सिंह ठाकुर (कंप्यूटर शिक्षक) एवं श्री ऋषभ सिन्हा (सहायक शिक्षक) सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों के मन में विद्यालय के प्रति अपनत्व का भाव जगाने के साथ-साथ मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित कर आगे बढ़ने की नई प्रेरणा प्रदान की। शाला प्रवेशोत्सव का यह आयोजन शिक्षा, संस्कार और सम्मान का प्रेरणादायी उत्सव बन गया।

## एक नजर

### पुलिस ने सरगुजा से भटके राजनांदगांव पहुंचे व्यक्ति को परिजन के सुपुर्द किया



राजनांदगांव 24 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एक व्यक्ति रेल्वे स्टेशन के आसपास भटक रहा है, कि सूचना पर मौका पहुंच कर उक्त व्यक्ति पूछताछ करने पर अपना नाम दयाशंकर निवासी सरगुजा बताया लेकिन सरगुजा में कहां रहता है, की जानकारी नहीं बता पा रहा था, जिसे सुरक्षित थाना लाकर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। उक्त भटके हुए व्यक्ति के संबंध में पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अलेक्जेण्डर किरों के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा सक्रियता दिखाते हुए उसके परिजन का पता तलाश किया गया जो उसका भाई आर्यन सिंग पिता अनिल कुमार सिंग उम्र 23 साल निवासी करेपा थाना दरिमा जिला सरगुजा जो भिलाई में रहकर पढ़ाई करने की जानकारी मिलने पर सूचना देकर थाना तलब किया गया। जो उक्त व्यक्ति को अपना चचेरा भाई दयाशंकर पिता रामभरोसा उम्र 27 साल ग्राम करेपा थाना दरिमा जिला सरगुजा का निवासी होना एवं मानसिक रूप से अस्वस्थता के चलते भटक कर राजनांदगांव पहुंचना बताया। जिसे सकुशल सुपुर्द किया गया। भटके हुए अपने भाई को कोतवाली पुलिस के सक्रियता से सुरक्षित पाकर उनके चेहरे पर खुशी लौट आई और उन्होने राजनांदगांव पुलिस की त्वरित कार्यवाही से प्रसन्न होकर सहृदय से अभार व्यक्त किया गया।

### चाकूबाजी के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



राजनांदगांव 24 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने दोस्त के साथ चिखली से शंकरपुर जा रहा था कि बजरंग चौक झरना के पास आरोपी अमन डोंगरे , विधि से संघर्षरत बालक तथा अंकित वासनिक के साथ पुरानी रंजीश को लेकर गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से लकड़ी के डण्डा एवं चाकू से मारपीट कर प्रार्थी के दोस्त को चाकू से वार कर घायल कर दिया कि रिपोर्ट पर धारा 296,351(2), 115(2),109(1),3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर व नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में आरोपी अमन डोंगरे उर्फअमन डोरे एवं विधि से संघर्षरत बालक को विधिवत गिरफ्तार जेल दाखिल किया गया। एवं विधि से संघर्षत बालक को सरंक्षणात्मक अभिरक्षा मे भेजा गया था। घटना के बाद से आरोपी अंकित वासनिक फरार था जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी कि दिनांक 22.06.26 को आरोपी अंकित वासनिक को मोहल्ले मे घुमने सूचना प्राप्त हुआ तत्काल शांतिनगर क्षेत्र मे दबिश देकर चारो तरफ से घेराबंदी कर आरोपी अंकित वासनिक पिता स्व. शिवकुमार वासनिक उम्र 20 साल साकिन वार्ड नं. 10 अम्बेडकर चौक शांतिनगर ओपी चिखली जिला राजनांदगांव को उसके सकुनत से हिरासत मे लेकर पुछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करने पर मेमोरेण्डम कथन लेख किया गया तथा आरोपी द्वारा घटना मे प्रयुक्त एक स्टील का चाकू को बरामद कराने पर विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल निरूद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, उनि सत्तुलाल कवंर, आर. सुनील बैरागी, चन्द्रकपुर आयाम, गोपाल पैकरा, आदित्य सोलंकी एवं चौकी चिखली स्टाफका महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

## भारतमाला मुआवजा मामले में टकेश्वर चंद्राकर ने कहा

# राजनीतिक द्वेष और बदले की भावना से की गई शिकायत

■ प्रेस वार्ता आयोजित कर सभी आरोपों को बताया झूठा और निराधार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कुरूद 24 जून। कुरूद विधानसभा के ग्राम पंचायत सिवनीकला में भारतमाला परियोजना से जुड़े मुआवजा प्रकरण को लेकर टकेश्वर चंद्राकर ने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों के संबंध मेंटिकेश्वर उर्फ टकेश्वर चंद्राकर ने ग्राम सिवनीकला के गौशाला परिसर में रविवार को ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं मुआवजा प्राप्त किसानों की उपस्थिति में प्रेसवार्ता आयोजित कर अपना पक्ष रखा। प्रेस वार्ता में टकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस के तथाकथित नेताओं द्वारा उन पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह से निराधार, भ्रामक और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि यदि ग्राम सिवनीकला से गुजरने वाली भारतमाला सड़क परियोजना में मुआवजा प्राप्त किसी एक व्यक्ति की भूमि का अधिसूचना के बाद छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटवारा या डायवर्सन कराए जाने का प्रमाण मिल जाए, तो वे राजनीति से संन्यास लेने को तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों द्वारा जमीन का बंटवारा और छोटे-छोटे टुकड़ों में रजिस्ट्री प्रशासन की अधिसूचना जारी होने से पहले की गई थी। इसका उद्देश्य किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करना था। बाद में भारतमाला परियोजना की अधिसूचना 30 जनवरी 2020 में जारी हुई। आगे बताया कि इस संबंध में राजपत्र में प्रकाशित दस्तावेजों में भी पूरी जानकारी दर्ज है।

पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर रजिस्ट्री दस्तावेजों में बार-बार उनका नाम आने के आरोप पर टिकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि गांव में जमीन खरीदी-बिक्री के दौरान लोग उन्हें गवाह के रूप में बुलाते हैं और सामाजिक संबंधों के कारण वे गवाह बनने से मना नहीं कर पाते। इसी वजह से अनेक रजिस्ट्रियों में उनके हस्ताक्षर दर्ज हैं। चार करोड़ रुपये की जमीन पर करीब साढ़े 15 करोड़ रुपये मुआवजा लेने के आरोप को उन्होंने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह सभी आरोप बेबुनियाद और निराधार है। सड़क की दिशा बदलकर सर्पाकार मार्ग बनाने से लाभ पहुंचाने के आरोप पर श्री चंद्राकर ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि यदि वे केंद्र सरकार को सड़क की दिशा बदलने का निर्देश देने की स्थिति में होते, तो यह संभव होता। उन्होंने कहा कि भारतमाला जैसी राष्ट्रीय परियोजनाओं का निर्धारण तकनीकी सर्वेक्षण और विशेषज्ञों की अनुशंसा के आधार पर किया जाता है।टिकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि भारतमाला परियोजना की अधिसूचना जारी होने के बाद उनके परिवार, रिश्तेदारों अथवा सहयोगियों के नाम पर कोई भूमि खरीदी बिक्री नहीं गई है और न ही किसी प्रकार का अतिरिक्त या अवैध मुआवजा प्राप्त किया गया है। भूमि के बंटवारे और रजिस्ट्रियों की प्रक्रिया परियोजना की अधिसूचना से पहले की गई थी जिसका रिकॉर्ड राजपत्र और राजस्व दस्तावेजों में उपलब्ध है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ कांग्रेसी नेता राजनीतिक द्वेषवश लगातार शिकायतें कर रहे हैं तथा जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रेस वार्ता के अंत में उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास उनके खिलाफठोस दस्तावेजी प्रमाण हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए, अन्यथा बेबुनियाद आरोप लगाकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास बंद किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि जांच में सभी तथ्य सामने आएंगे और सच्चाई जनता के सामने स्पष्ट होगी। शिकायतकर्ताओं कांग्रेसी लोगों के द्वारा साजिश का शिकार बनाया जा रहा है। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि आरोप साबित हो जाए तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। किसान कपिल पटेल सहित अन्य मुआवजा प्राप्त किसानों ने कहा कि सरकार के गाइडलाइन के तहत हमने मुआवजा प्राप्त किया है। प्रेस कांफ्रेंस में टकेश्वर चंद्राकर ने भारत मल परियोजना के अंतर्गत ग्राम सिवनीकला में मुआवजा घोटालों के आरोपों को लेकर कांग्रेसी नेताओं पर तीखा हमला बोला है। ग्राम पंचायत के सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम साहू, ग्राम पटेला सुरेश तारक , सोसायटी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, सुशील साहू पूर्व सभापति जनपद पंचायत कुरूद, पंचगण कृष्णा तारक, सुरेश हिरवानी, किशन पटेल, अंकुश चंद्राकर, कपिल देव, लोमश साहू, कुसुम पटेल, गायत्री साहू, ममता सेन, रेणुका सहित बड़ी संख्या में मुआवजा प्राप्त किसानों एवं ग्रामीणों ने भारतमाला परियोजना संबंधी शिकायतों को राजनीतिक द्वेष और बदले की भावना से प्रेरित बताया।

## पार्षद अमित छाबड़ा ने शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का आत्मीय स्वागत किया

डोंगरगढ 24 जून। शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक 2 एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुधवारी पारा के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद अमित छाबड़ा उपस्थित रहे। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराते हुए उनका आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि अमित छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षा से ही संवरता है और एक मजबूत समाज के निर्माण में विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना ह। कार्यक्रम में पार्षद शिवांगी साखरे, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक मीनाक्षी हेमने, सहायक शिक्षक भानुमति कोसा, पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक शेफाली साहू, शिक्षक जीवंती किस्पोट्टा, नीलिमा पटेल, टेकेश्वर कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में नए प्रवेश को प्रोत्साहित करना तथा बच्चों के प्रति सकारात्मक एवं उत्साहवर्धक वातावरण तैयार करना रहा।



## सिमगा गवर्नमेंट इग्नाइट प्राइमरी एवं मिडिल इंग्लिश मीडियम स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

सिमगा 24 जून। शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमे स्कूल के सभी अध्यापक के साथ सिमगा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, पार्षद व गणमान्य नागरिक शाला प्रवेश उत्सव में उपस्थित होकर नए विद्यार्थिओं व पालकों का उत्साहवर्धन किया सभी ने मिल कर सरस्वती माँ की पूजा की सभी बच्चों के द्वारा गुलाल से टिका लगाकर सम्मानित किया व छात्र/छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया । बच्चों का उत्साह बढ़ाने में शामिल लोंगो में दीनबंधु शर्मा, सुनील माहेश्वरी, राज भाटिया, अनिल पांडेय, विकास सोनकर, छोटू यादव, परिच्छित चतुर्वेदी, सचिन जैन, विष्णु जायसवाल,देवेंद्र जैन, अभिजीत अवस्थी, नीरज शर्मा, माया सलूजा, छन्नू लाल साहू, आदि उपस्थित थे।



# आयुक्त ने ली तकनीकी अधिकारियों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 24 जून। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर सी.एम. हेल्प लाईन से प्राप्त शिकायतो के निराकरण तथा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी लेकर वर्षा ऋतु के लिए आवश्यक तैयारी करने के अलावा बाढ़ नियंत्रण टीम गठित करने व कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बैठक में वर्षा ऋतु में अत्यधिक वर्षा के कारण पानी भरान क्षेत्र का चिन्हांकन आवश्यक व्यवस्था तथा बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर बचाव के उपाए एवं व्यवस्था के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण टीम गठित कर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए। तीन पालियो में अधिकारियो व कर्मचारियो को दायित्व सौपा जाए। इसके अलावा आवश्यक संसाधन रखना सुनिश्चित करे, सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने वार्ड में पानी भरान क्षेत्र का चिन्हांकन करे तथा पानी निकासी व अन्य आवश्यक व्यवस्था अभी से दुरूस्त करे, ताकि वर्षा का पानी असानी से निकल सके। उन्होंने नाली नालो से जाली निकालने कहा, जिससे बारिश का पानी निकलने में असानी हो। कही पर भी पानी भरान की स्थिति निर्मित हो वहा तुरंत निकासी के लिए तैयारी रखे। पानी निकासी में जो भी बाधा हो उसे तुरंत हटाए। आयुक्त ने मोटर प्रभारी से मोटर पंप दुरूस्त रखने, जे.सी.बी. मरम्मत कर चालू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अत्यधिक वर्षा होने पर एक जे.सी.बी. पानी निकासी के लिए आरक्षित रखे। उन्होने विद्युत प्रभारी से शहर की सभी खम्भो में लाईट की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पर्याप्त मरम्मत सामाग्री रखे कहा। साथ ही टावर लोडर की मरम्मत करावे, लाईटे बंद होने की शिकायत का त्वरित निकराकरण करे। उन्होंने तकनीकि अधिकारियो से कहा कि बारिश के पूर्व शहर की सड़को का पेचवर्क करावे, मुरूम, डस्ट के अलावा अन्य समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनो की समीक्षा कर वार्डवार एवं विभागवार प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छोटी शिकायतो एवं मांगो का निराकरण कर संबंधित को अवगत करावे तथा रोड नाली निर्माण के आवेदनो पर स्थल निरीक्षण कर प्राक्लन तैयार करे। उन्होंने सी.एम. हेल्प लाईन में प्राप्त शिकायतो की जानकारी लेकर प्राथमिकता से समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सी.एम. हेल्प लाईन के प्रकरणो को गंभीरता से लेना है, संबंधित को निराकरण की जानकारी देनी है। उन्होंने कहा कि जनता से जुडी समस्या का समाधान करने मे कोताही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व सुश्री सुषमा साहू, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के 43 प्रकरणों में 14 लाख 35 हजार अर्थदण्ड वसूला गया

राजनांदगांव 24 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज अमला राजनांदगांव एवं टास्क फोर्स समिति द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनि अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के 43 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है और 14 लाख 35 हजार रूपए अर्थदण्ड राशि जमा करायी गई है। जिसमें अवैध उत्खनन के 8 प्रकरणों में 4 लाख 51 हजार 800 रूपए, अवैध परिवहन के 33 प्रकरणों में 8 लाख 41 हजार 400 रूपए एवं अवैध भण्डारण के 2 प्रकरणों में 1 लाख 41 हजार 800 रूपए अर्थदण्ड राशि जमा करायी गयी है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202605090100033**

विषयः- अ-6 अ मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः- 2025-2026

**बधियाटोला प.ह.न. 00023 [(हे.)]**

**पक्षकारों का विवरण -**

**आवेदक पक्षकार-सोमेश कुमार साहू, नमित साहू,**

**अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन द्वारा राजस्व विभाग,**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदकगण सोमेश कुमार साहू आ. हीरालाल साहू एवं नमित साहू आ. हीरालाल साहू दोनो वर्तमान निवासी बी-102, स्वर्ण रेसीडेंसी, राज किशोर नगर, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 107 सहपठित धारा 32 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि आवेदकगण के स्वामित्व की ग्राम बधियाटोला, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 646, रकबा 0.1540 हे. भूमि पर अन्य व्यक्तियों के द्वारा उनकी भूमि को विस्तारित कर नया नक्शा तैयार करवाया गया है, उसका नक्शा दुरूस्त कराये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30/06/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/06/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. 202606095300009**
**ब-121 वर्ष 2025-26**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक दुर्गेश यादव पिता मोतीलाल यादव जाति राउत निवासी ग्राम ढारा तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपनी पुत्री भाविका यादव पिता दुर्गेश यादव जाति राउत का दिनांक 01/08/2012 को ग्राम ढारा में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपनें पुत्री भाविका यादव पिता दुर्गेश यादव जाति यादव का दिनांक 01/08/2012 को ग्राम पंचायत ढारा में दर्ज करानें बाबत् आवेदन पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश की प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति पेशी दिनांक 03/07/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**


# स्वास्थ्य विभाग की सुस्ती से हजारों अभ्यर्थी परेशान, अस्पतालों में स्टाफकी कमी बरकरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




राजनांदगांव 24 जून। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स, एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू, वार्ड बॉय और आया भर्ती प्रक्रिया को लगभग एक वर्ष पूरा होने जा रहा है, लेकिन हजारों चयनित अभ्यर्थी आज भी नियुक्ति की राह देख रहे हैं। परीक्षा, परिणाम और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बावजूद अंतिम मेरिट सूची, दस्तावेज सत्यापन, काउंसलिंग एवं नियुक्ति की प्रक्रिया अब तक आगे नहीं बढ़ पाई है। इससे एक ओर जहां युवाओं का भविष्य अनिश्चितता के भंवर में फंसा हुआ है वहीं दूसरी ओर प्रदेश के अस्पताल स्टाफकी भारी कमी से जूझ रहे हैं।

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी संशोधित सूचना पत्र क्रमांक श्वस्ज्ञक्क-101(3)/30/2026-ष्ठ।।स दिनांक 04 फरवरी 2026 के अनुसार भर्ती की अंतिम मेरिट सूची 19 मार्च 2026 तक जारी की जानी थी। निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के कई महीने बाद भी सूची जारी नहीं हुई है। इससे प्रदेशभर के हजारों अभ्यर्थियों में गहरी निराशा और असंतोष का माहौल है। अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया की रफ्तार इतनी धीमी है कि यह प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण बन चुकी है। उनका आरोप है कि विभाग की कार्यशैली ऐसी प्रतीत होती है मानो पूरी व्यवस्था कुंभकर्णी नींद में चली गई हो। भर्ती निकलने के बाद एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद नियुक्ति को लेकर कोई स्पष्ट दिशा या समय-सीमा सामने नहीं आई है। प्रदेश के जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा मातृ-शिशु अस्पतालों में स्टाफनर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की कमी लंबे समय से चिंता का विषय बनी हुई है। कई अस्पतालों में सीमित कर्मचारियों से दोगुना और तिगुना कार्य लिया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि पर्याप्त मानव संसाधन के बिना स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना संभव नहीं है। मरीजों को समय पर उपचार और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रिक्त पदों को शीघ्र भरना आवश्यक है। इसके बावजूद नियमित भर्ती प्रक्रिया का लंबित रहना कई सवाल खड़े कर रहा है।एक अभ्यर्थी ने नाराजगी जताते हुए कहा सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की बात करती है लेकिन जिन उम्मीदवारों की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है उन्हें नियुक्ति देने में इतनी देरी क्यों हो रही है? यह स्थिति युवाओं और मरीजों दोनों के हित में नहीं है। अभ्यर्थियों ने यह भी सवाल उठाया है कि जहां एक ओर नियमित भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी नियुक्तियां नहीं दी जा रही हैं वहीं दूसरी ओर कई स्वास्थ्य संस्थानों में संविदा आधार पर कर्मचारियों की नियुक्तियां की जा रही हैं। उनका कहना है कि यदि नियमित भर्ती के लिए योग्य एवं चयनित उम्मीदवार उपलब्ध हैं तो फिर संविदा नियुक्तियों का सहारा लेना समझ से परे है। इससे न केवल भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्न उठते हैं बल्कि चयनित अभ्यर्थियों के साथ भी अन्याय की स्थिति निर्मित होती है। रायपुर स्थित कालीबाड़ी मातृ एवं शिशु अस्पताल (एमसीएच) का मामला भी इन दिनों चर्चा में है। अभ्यर्थियों के अनुसार अस्पताल में लगभग 225 स्वीकृत पदों के मुकाबले कर्मचारियों की कमी बनी हुई है तथा करीब 25 अतिरिक्त पदों की आवश्यकता भी बताई गई थी। इसके बावजूद नियमित भर्ती प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के बजाय अन्य अस्थायी व्यवस्थाओं पर जोर दिया गया। अभ्यर्थियों का कहना है कि जब अस्पतालों में कार्यभार लगातार बढ़ रहा है और मौजूदा कर्मचारियों पर अतिरिक्त दबाव डाला जा रहा है तब चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति देने में देरी समझ से परे है। भर्ती प्रक्रिया की सुस्त गति को लेकर युवाओं में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि पूरी प्रक्रिया नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। महीनों बीत जाने के बावजूद न तो अंतिम मेरिट सूची जारी हुई और न ही काउंसलिंग एवं नियुक्ति की कोई ठोस तिथि घोषित की गई। अभ्यर्थियों का आरोप है कि बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई प्रगति दिखाई नहीं दे रही है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं का मनोबल भी प्रभावित हो रहा है। भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग करते हुए अभ्यर्थियों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग के सामने कई प्रमुख मांगें रखी हैं स्टाफ नर्स, एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू, वार्ड बॉय एवं आया भर्ती की अंतिम मेरिट सूची तत्काल जारी की जाए। दस्तावेज सत्यापन, काउंसलिंग और नियुक्ति प्रक्रिया की निश्चित तिथि घोषित की जाए। भर्ती प्रक्रिया का विस्तृत एवं पारदर्शी कैलेंडर सार्वजनिक किया जाए।अस्पतालों में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के माध्यम से शीघ्र भरा जाए भर्ती में हुई अनावश्यक देरी के कारणों को सार्वजनिक किया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। लंबे समय से इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही भर्ती प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया तो वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि यह केवल रोजगार का मुद्दा नहीं बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और लाखों मरीजों के हितों से भी जुड़ा हुआ विषय है। अभ्यर्थियों का कहना है कि जब अस्पतालों में स्टाफकी कमी है मरीज परेशान हैं और चयनित उम्मीदवार नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 1434/न.पा.नि. /2026 रायगढ़ दिनांक 24/06/26

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 194003 | CONSTRUCTION OF DRAIN & BOX CULVERT FROM KRISHNA VATIKA AT W.N. 48 (2nd Call) | 47.02 | 10.07.2026 |
| 02 | 194023 | CONSTRUCTION OF STORM WATER DRAIN (NAALA) INFRONT OF OLD SARANGARH BUS STAND AT W.N. 31(2nd Call) | 18.27 | 10.07.2026 |
| 03 | 194034 | वार्ड क्र. 17 कलेक्टर बंगले के पीछे से हण्डी चौक मार्ग तक एवं आगे आलोक सिटी मॉल तक नाला निर्माण कार्य। (2nd Call) | 39.58 | 10.07.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**न.पा.नि., रायगढ़**

एक नजर

## मनरेगा को लेकर मंत्रिमंडल का फैसला राज्य के हित में नहीं: बैज

**रायपुर 24 जून ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मनरेगा को लेकर मंत्रिमंडल ने ''जी राम जी'' के प्रावधान को अनुमोदित कर दिया। अब मनरेगा में 40 प्रतिशत राशि राज्य वहन करेगा, यह राज्य के खजाने पर बोझ है। राज्य का सारा टैक्स तो जी.एस.टी. के माध्यम से केंद्र के पास जाता है। मनरेगा का बजट भी राज्य सरकार वहन करेगा, मतलब राज्य के विकास कार्य प्रभावित होंगे। ''जी राम जी'' कानून बने 8 माह हो गये, अब राज्य मंत्रिमंडल अनुमोदन कर रहा। अब तो 4 माह तक मनरेगा के काम बंद रहेंगे, ऐसे में मजदूरों का क्या फायदा? पहले करते मार्च में तो अभी तक 5 माह तक लोगों को काम मिलता। मंत्रिमंडल ने 4,000 करोड़ का बजट रखा है, जबकि इसके पहले मनरेगा पर राज्य 6,200 करोड़ खर्च करता था। बजट की कटौती बताती है सरकार मनरेगा पर पूरे दिन काम नहीं देगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद कांग्रेस की सरकार के समय चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया था। अब सरकार को अपनी गलती का अहसास हो रहा, उन योजनाओं का नाम बदलकर फिर चालू करने जा रहे है। कांग्रेस की सरकार ने रीपा (रूरल इंडस्ट्रियल पार्क) शुरू किया था जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लिए रोजगार निर्माण, विपणन की सुविधा मिलती थी, भाजपा सरकार ने उसे बंद कर दिया। रीपा के जो इन्फ्रास्ट्रक्चर थे ढाई साल में सब बर्बाद हो गये। कल मंत्रिमंडल रीपा का नाम अटल आजीविका समृद्ध योजना के नाम से फिर शुरू करने का निर्णय लिया है। यह सरकार यू-टर्न सरकार है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कोरिया में तीन लोगों को जिंदा जला देने की घटना के बाद सरगुजा में खनिज विभाग जांच कर रहा है। कल एक रेत से भरे ट्रक को खनिज विभाग ने पकड़ा, बताते है कि इस कार्यवाही से नाराज होकर रेत माफिया ने कार्यवाही करने वाले आरक्षक की पिटाई कर दिया। जप्त ट्रक भी छुड़ा ले गया। यह घटना बताती है कि रेत माफिया कितना ज्यादा ताकतवर है उसे सरकार का कितना ज्यादा संरक्षण मिला है। रेत के खेल में सीधे सरकार शामिल है। बड़ी घटनाओं के बाद इस प्रकार की घटना होना बताता है सरकार रेत की काली कमाई का मोह नहीं छोड़ पा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा आपातकाल की याद में काला दिवस मनाने जा रही है। आपातकाल तो उस समय की परिस्थितियों के अनुसार तत्कालीन सरकार और राष्ट्रपति के द्वारा संवैधानिक प्रावधान के अनुसार लिया गया निर्णय था। आज तो देश में 12 साल से अघोषित आपातकाल है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकारों को बंधक बना लिया गया है। चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं रहा, न्यायपालिका मीडिया के काम में हस्तक्षेप किया जा रहा। छोटे-छोटे दलों के विधायकों, सांसदों को धमका कर तोड़ लिया जा रहा है, यह परिस्थितियां देश के लिए ज्यादा भयावह और घातक है।



## उद्योग मंत्री ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं

**रायपुर 24 जून।** प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में 'सहयोग केंद्र' पहुँचकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनकी विभिन्न समस्याओं व शिकायतों को गंभीरता से सुना। श्री देवांगन ने कार्यकर्ताओं की मांगों और जनसमस्याओं के आवेदन स्वीकार करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित व समयबद्ध निराकरण के सख्त निर्देश दिए। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने इस दौरान कहा कि कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करना और जनता को राहत पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'सहयोग केंद्र' में जनसुनवाई के इस कार्यक्रम के दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय, सहयोग केन्द्र प्रभारी सच्चिदानंद उपासने और प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज उपस्थित थे।

# श्रमिक परिवारों के बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाएगी सरकार:साय

■ **अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत 3 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित, निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा, आवास, भोजन और अध्ययन सामग्री की सुविधा**



**रायपुर 24 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रतिभावान बच्चों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिक परिवारों के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को राज्य के चयनित निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक अध्ययन की सुविधा प्रदान की जाएगी। विशेष बात यह है कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक फीस, छात्रावास, भोजन, गणवेश, लेखन सामग्री तथा अन्य आवश्यक खर्चों का पूरा वहन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा किया जाएगा। इससे श्रमिक परिवारों को बच्चों की शिक्षा के आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में अध्ययन का अवसर प्राप्त होगा। प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए, इसी सोच के अनुरूप राज्य सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के कमजोर और श्रमिक वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है। अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना भी इसी दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है, जिससे श्रमिकों के बच्चों के सपनों को नई उड़ान मिल रही है।

योजना का लाभ लेने के लिए पात्र एवं पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को श्रम विभाग के पोर्टल www.shramevjayate.cg.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन प्रक्रिया 22 जून से प्रारंभ हो चुकी है और इच्छुक अभ्यर्थी 3 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की सुविधा श्रम विभाग के पोर्टल, निकटतम श्रम कार्यालय, लोक सेवा केंद्र तथा श्रमेव जयते एप के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है, जिससे अधिक से अधिक पात्र परिवार इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

यह योजना श्रमिक परिवारों के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाएगी तथा शिक्षा के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# मनरेगा में 40 प्रतिशत राज्य पर भार प्रदेश की जनता पर अत्याचार:कांग्रेस

**रायपुर 24 जून।** मंत्रिमंडल के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मंत्रिमंडल के द्वारा मनरेगा के वित्तीय प्रावधान में 60-40 की मंजूरी दिये जाने का निर्णय राज्य के जनता पर अन्याय है। अभी तक मनरेगा केंद्र प्रवर्तित योजना थी, अब इसमें 40 प्रतिशत भाग राज्य को देना होगा। केंद्र सरकार की चाटुकारिता में साय सरकार ने राज्य के हितों का ख्याल नहीं रखा। राज्य के हिस्से को 40 प्रतिशत करने के केंद्र के फैसले का विरोध करने के बजाय इस राज्य मंत्रिमंडल के द्वारा अनुमोदित कर दिया गया। साथ ही इसके लिए 4000 करोड़ रू. का वित्तीय प्रावधान भी किया गया है, जबकि अभी तक राज्य के मनरेगा पर 6200 करोड़ रू. खर्च होते थे, इसका मतलब है भले घोषित तौर पर दिन बढ़ा दिया लेकिन सरकार की नीयत मनरेगा के काम में कटौती की है जब बजट कम है तो ज्यादा दिन कैसे काम देंगे? जीरामजी कानून पास हुए 8 महीने हो गये, अमूमन 15 जून के बाद मनरेगा के काम बंद हो जाते है। सरकार अब निर्णय ले रही मतलब इस फैसले से 4 माह तक काम नहीं होगा, उसके बाद काम शुरू होगा।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बड़ा प्रश्न यह है कि राज्य के वित्तीय संसाधन सीमित है। राज्य का सारा टैक्स तो जीएसटी के माध्यम से केंद्र लेता है फिर मनरेगा का बोझ राज्य पर डालने से राज्य के अन्य कार्य प्रभावित होंगे। भाजपा सरकार पिछले ढाई साल से वित्तीय रोना रोकर वैसे ही कोई नई योजना नहीं शुरू कर पाई है, अब मनरेगा का भार उठाने के बाद राज्य के और काम भी प्रभावित होंगे। यह फैसला राज्य की जनता के साथ धोखा है। राज्य को मनरेगा के मामले में केंद्र के सामने विरोध प्रकट करना था कि पूरा खर्च केंद्र उठाये या उसके लिए विशेष सहायता करे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि साय मंत्रिमंडल ने अंततः भूपेश सरकार की एक और योजना को नाम बदलकर चलाने की मंजूरी दिया है। कांग्रेस सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रीपा (रूरल इंडस्ट्रियल पार्क) स्थापित किया था जो ग्रामीण उत्पादन और स्वजन तथा प्रसंस्करण इकाइयों का केंद्र थी तथा यहां से वस्तुओं को बेचने का बाजार भी बनाया गया था। सरकार में आने के बाद भाजपा ने उसे बंद कर दिया था लेकिन अब नाम बदलकर अटल आजीविका समृद्ध द्वार योजना के नाम से उसे फिर से शुरू करने जा रहे है। भाजपा सरकार के पास अपना मौलिक कुछ भी नहीं है।

## संवाद अभियान पहुंचा श्री गुरु नानक चौक के व्यापारियों के बीच

**रायपुर 24 जून।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, महामंत्री श्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि व्यापारियों के हितों की रक्षा, बाजारों के सशक्तीकरण तथा व्यापारिक संगठनों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित CAIT व्यापारी संवाद अभियान के अंतर्गत आज श्री गुरु नानक चौक व्यापारी संघ के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैट के पदाधिकारियों ने व्यापारियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की।

# मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता और अखंडता का अमर प्रतीक:संजय श्रीवास्तव

**रायपुर 24 जून।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय रायपुर के एकात्म परिसर एवं शारदा चौक स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि आर्पित किया।

संजय श्रीवास्तव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्तिए त्याग और अखंड भारत के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि मानते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका स्पष्ट मानना था कि एक देश में दो विधानए दो प्रधान और दो निशान नहीं चल सकते। राष्ट्रहित के लिए उनके संघर्ष और बलिदान ने भारतीय राजनीति को नई दिशा प्रदान की।

उन्होंने आगे कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद्ए प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने देश के युवाओं में राष्ट्रप्रेमए कर्तव्यनिष्ठा और सेवा की भावना जागृत करने का कार्य किया। उनका जीवन आज भी करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश डॉ. मुखर्जी के सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर श्रीवास्तव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक सुनिल सोनी, सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्षा वर्णिका शर्मा, रायपुर जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, रायपुर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, सच्चिदानंद उपासने, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, अमित मैसरी, गुंजन प्रजापति, राम प्रजापति, दलजीत सलूजा, संदीप जंघेल, बजरंग खंडेलवाल उपस्थित रहें।

### मुखर्जी की शहादत को विधायक मिश्रा का नमन

उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल में मिली जीत पितृऋण से मुक्ति है उन्होंने मुखर्जी की शहादत को याद करते हुए कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद उनकी कर्मभूमि बंगाल में विधानसभा चुनाव जीतना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने सीखा है। विधायक मिश्रा यहां क्रमशः शारदा चौक व पार्टी कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। वे सर्वप्रथम शारदा चौक में स्थापित पंडित मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद उन्होंने एकात्म परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भी पंडित मुखर्जी को अपनी आदरांजलि अर्पित की इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सनातन धर्म मानने वाले व्यक्ति के जीवन में आने वाले ऋणों का उल्लेख किया।

## संगीत एक संस्कार है: अंजय शुक्ला

**रायपुर 24 जून।** पण्डित गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान रायपुर द्वारा संगीत, कला एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु राज्य स्तर पर प्रदान किया जाने वाला सम्मान ङ्क÷गुनरस पिया सम्मान÷ इस वर्ष भिलाई निवासी वरिष्ठ संगीतज्ञ पण्डित कीर्ति माधव व्यास जी, को प्रदान किया गया। संस्था प्रमुख श्री दीपक व्यास ने जानकारी दी कि संस्था द्वारा यह सम्मान विगत 15 वर्षों से दिया जा रहा है। विमतारा सभागृह, मधु पिल्ले चौक, शांति नगर, रायपुर में दिनांक 21जून, रविवार को शाम 6:30 बजे से आयोजित सम्मान अलंकरण समारोह के मुख्य अतिथि बेटी बचाओ ङ्कबेटी पढ़ाओ अभियान के प्रदेश संयोजक एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष माननीय श्री अंजय शुक्ला जी, कार्यक्रम अध्यक्ष विद्युत नियामक आयोग छ ग के पूर्व सदस्य श्री प्रमोद कुमार गुप्ता जी (कार्यक्रम में विशेष अतिथि), पद्मश्री से सम्मानित भारती बंधु, पंडित संजय गिजरे जी, श्री पालकर बंधु, श्री राजेश गानोदवाले जी,साहित्यकार श्री गिरीश मिश्रा जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सम्मान अलंकरण के पश्चात् विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में महफ़िल, रायपुर द्वाराशाम ए ग़ज़लका आयोजन किया गया।

## प्राकृतिक चमक के लिए त्वचा को चाहिए 6 आवश्यक पोषक तत्व



रायपुर 24 जून। किसी भी ब्यूटी आइल से गुजरें तो आपको ऐसे सीरम, फेस मास्क और ओवरनाइट क्रीम्स की भरमार दिखाई देती है, जो तुरंत निखार का दावा करती हैं। लेकिन क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट्स के अनुसार, त्वचा वास्तव में शरीर के अंदर हो रही प्रक्रियाओं का ही प्रतिबिंब होती है। अगर आपकी डाइट खराब है और उसमें बादाम जैसे हेल्दी फूड शामिल नहीं हैं, तो आप स्किनकेयर से उसकी भरपाई नहीं कर सकते। जब शरीर आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से जूझता है, तो उसका असर सीधे चेहरे पर नज़र आता है—जैसे त्वचा का बेजान दिखना, रूखापन या समय से पहले महीन रेखाएँ।

1. विटामिन E: एक वसा-घुलनशील एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन E प्रदूषण और V एक्सपोज़र से होने वाले ऑक्सीडेटिव नुकसान से त्वचा कोशिकाओं की रक्षा करता है। यह कोशिकीय स्तर पर नमी को बनाए रखने में मदद करता है, जिससे त्वचा भरी-भरी और लचीली बनी रहती है। कैलिफ़ोर्निया बादाम इसके सबसे समृद्ध आहार स्रोतों में से एक हैं, जिनकी कुछ मात्रा ही दैनिक आवश्यकता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पूरा कर सकती है, वह भी ऐसे रूप में जिसे शरीर आसानी से अवशोषित कर लेता है। इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का एक सरल तरीका है—सुबह के स्मूदी में मिलाना या बाहर निकलने से पहले अनाज पर छिड़कना।

## राममंदिर चढ़ावा चोरी: आरएसएस ने मचा रखी है लूट-भूपेश

**रायपुर, 24 जून।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बिलासपुर के प्रवास पर थे। अयोध्या राममंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर आरएसएस पर जमकर निशाना साधा। पूर्व सीएम ने तल्ख शब्दों में कहा, इतिहास गवाह है, महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूटा था। आरएसएस के लोग इतिहास दोहरा रहे हैं, आज आरएसएस के लोग राम मंदिर को लूट रहे हैं। यह लोगों की आस्था पर सीधा-सीधा चोट है।



पूर्व सीएम ने बिजली के दरों में लगातार की जा रही बढ़ोतरी को लेकर राज्य सरकार को जमकर घेरा। वे बोले ये तो हद हो गई। राज्य सरकार ना तो आम आदमी को छोड़ रही है और ना ही किसानों को। बिजली की दरों में बढ़ोतरी कर किसानों से लेकर आम आदमी की आर्थिक स्थिति पर चोट मारने का काम सरकार कर रही है। मंहगाई पर केंद्र व राज्य सरकार का नियंत्रण नहीं रह गया है। पेट्रोल व डीजल के दाम आसमान छू रहा है। अब तो क्रूड ऑयल के दाम में भारी गिरावट आ गई है, तब भी पेट्रोल व डीजल के दामों में कमी नहीं आई है। बिजली की कीमत में बढ़ोतरी कर पब्लिक पर अतिरिक्त बोझ डालने का काम कर रही है।

खाद की आपूर्ति को लेकर पूर्व सीएम ने राज्य सरकार को जमकर घेरा। वे बोले खाद की उपलब्धता को लेकर सरकार के पास साफ-साफ जानकारी नहीं है। बाजार में नकली खाद बिकने की लगातार शिकायत मिल रही है। इसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। खाद की कमी से जूझ रहे किसानों की दिक्कतें दूर करने की कोशिश सरकार की ओर से होते दिखाई नहीं दे रही है। चर्चा के दौरान चुटकी लेते हुए कहा, कका अभी जिंदा है और कका का तेवर भी बरकरार है। अटकलबाजी पर विराम लगाते हुए पूर्व सीएम ने साफकहा, कांग्रेस आने वाले समय में सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। पूर्व सीएम ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल महंगा था, तब तेल कंपनियों के नुकसान की जानकारी लगातार दी जा रही थी। उन्होंने कहा, जब कीमतें कम हुई हैं तो सरकार और तेल कंपनियां अपने मुनाफे का हिसाब जनता के सामने क्यों नहीं रख रही हैं। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक चुनौतियां आज भी बड़े मुद्दे हैं, लेकिन सरकार इन पर जवाब देने के बजाय दूसरे विषयों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जनता के वास्तविक सवालों पर सरकार को जवाब देना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा, प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। हत्या, लूट और रेप जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि जेल के अंदर दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं और रेत माफिया खुलेआम हिंसा कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा राहुल गांधी से डरती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए भाजपा लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये खर्च कर चुकी है। उनका कहना था कि जैसे ही राहुल गांधी कोई मुद्दा उठाते हैं, भाजपा के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के नेता एक्टिव हो जाते हैं।

भूपेश बघेल ने कहा कि एक तरफप्रदेश में कमजोर मानसून के कारण खेती-किसानी प्रभावित हो रही है, वहीं दूसरी ओर किसान खाद की कमी से जूझ रहे हैं। डीएपी और सुपर फॉस्फेट की जगह दूसरी खाद किसानों को ऊंचे दामों पर बेची जा रही है। जब सोसायटियों में खाद की कमी बताई जा रही है, तो बाजार में खाद कैसे उपलब्ध है। सरकार के संरक्षण में खाद की कालाबाजारी हो रही है और किसानों से खाद के नाम पर 200 से 700 रुपए तक अतिरिक्त वसूली की जा रही है। उनके अनुसार सरकार ने अघोषित रूप से खाद की कीमतें बढ़ा दी हैं।

आयोजन | तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन

# डिग्री के साथ कौशल विकास की आवश्यकता: पांडेय

**रायपुर 24 जून।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र महाविद्यालय एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि प्रो. एस.के. पांडेय( पूर्व कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं अध्यक्ष प्रवेश तथा शुल्क नियामक समिति ),तथा ज्ञानेश शर्मा पूर्व अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ ने अध्यक्षता की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. गिरीश कांत पांडेय , प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ बेमेतरा, डॉ. मधुलिका अग्रवाल ,प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी विशिष्ट अतिथि थे।

प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ आलोक कुमार साहू( प्राचार्य एवं संचालक सिपेट रायपुर) के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। ब्रिजिंग एकेडमिक एंड इंडस्ट्री इनोवेशन इन एजुकेशन, कॉमर्स एंड कंप्यूटर विषय पर विकसित भारत @ 2047 अंतर्गत हाई ब्रीड मोड में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्रो.एसके पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत डिग्री के साथ कौशल विकास आवश्यक है। आज भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने में युवाओं की मुख्य भूमिका रहेगी। इसके लिए आज प्रत्येक युवा को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास, चरित्र विकास, आत्म विकास शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। स्टार्टअप ,इन्वेंशन बोलने से नहीं होगा ।इसके लिए अनुकूल माहौल और सुविधा होनी चाहिए। जमाने के हिसाब से इनोवेशन की परिभाषा और तौर तरीके बदल गए हैं। शिक्षण संस्थानों को अपने विद्यार्थियों को नए तौर तरीके से अवगत कराने के लिए तैयार होना होगा ।इस प्रकार के कार्यशाला का यही प्रमुख उद्देश्य है और विप्र कॉलेज का इस प्रकार का सतत प्रयास निश्चित ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल होगा ।इस अवसर पर ज्ञानेश शर्मा ने नई शिक्षा नीति की चुनौतियों का सामना करने के लिए इस प्रकार के कार्यशाला का महत्व स्पष्ट करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को कौशल विकास के लिए प्रेरित करने के लिए सही तरीके से सही समय में विषय विशेषज्ञों के माध्यम से इस प्रकार के कार्यशाला के द्वारा मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देना आवश्यक है।



प्रो.गिरीश कांत पांडेय ने अपने व्याख्यान में विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों का दोहन और प्रशिक्षण को आवश्यक बताया। इसके पूर्व शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी की प्राचार्य डॉ .मधुलिका अग्रवाल ने तीन दिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत किया। विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने इसके पूरा अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय में विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए समय-समय पर विषय विशेषज्ञों की सहायता से प्राध्यापकों को अपडेट करके विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षित करने का प्रयास कर रही है। इसके बाद प्रथम तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ. आलोक कुमार साहू ने प्लास्टिक उद्योग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पृथ्वी के लिए प्लास्टिक खतरनाक है। परंतु प्लास्टिक हमारे जीवन का एक हिस्सा है। प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित करना आज संभव नहीं है, परंतु पर्यावरण संरक्षण हेतु कचरा प्लास्टिक का सही निपटारा एवं प्रबंधन आज की आवश्यकता है। प्लास्टिक कचरा का निपटारा एवं कचरा प्लास्टिक का रीसाइकलिंग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस अवसर पर दोनों महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# सरकार शराबबंदी लागू करे: वंदना

**रायपुर 24 जून।** आबकारी मंत्री द्वारा शराब की कमाई से महतारी वंदन की राशि देने का बयान बेहद आपत्तिजनक है प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि सरकार शराब की कमाई से महतारी वंदन की राशि मत दे महिलाओं को यह पैसा नही चाहिये। महिलाओं को अपना परिवार बर्बाद करके सरकार से 1000 नही चाहिये। सरकार महतारी वंदन की राशि भले मत दे, वह प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी लागू करे। वैसे भी महतारी वंदन में 1000 रू देकर बिजली बिल के नाम पर सरकार तीन गुना ज्यादा वसूल रही है। यह सरकार महिलाओं को ठगने का काम कर रही है।प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय सभी विवाहित महिला को 1000 रू. प्रतिमाह देने का वादा किया था। सरकार के आने के बाद भाजपा अपने वादे से पलट गयी। सभी विवाहित के स्थान पर इंकमटैक्सपेयी परिवार, सरकारी नौकरी परिवार की बंदिशे लगाकर महिलाओं को अपात्र घोषित किया। महतारी वंदन की पहली किस्त में 75 लाख महिलाओं को राशि दी गयी। धीरे-धीरे हर माह सरकार ने कटौती कर दिया। आखिरी में लगभग 69 लाख महिलाओं को ही राशि मिल पाई। आधी महिलायें आज भी लाभ मिलने का रास्ता देख रही।प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि अब सरकार केवायसी का बहाना बनाकर और महिलाओं को महतारी वंदन के लाभ से वंचित करना चाह रही है। यह सरकार की वादाखिलाफी है। सरकार प्रदेश में निवासरत हर विवाहित महिला को छत्तीसगढ़ की मतदाता है, या जिसका आधार कार्ड छत्तीसगढ़ का है, उसे महतारी वंदन की राशि दे। सरकार ने भीषण गर्मी में केवाईसी के नाम पर महिलाओं को परेशान किया । सरकार का उद्देश्य महिलाओं का नाम काटना और उन्हें लाभ से वंचित करना है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि बुजुर्ग महिलाओं को मिलने वाली 500 रू. की पेंशन को इस योजना में मिलाकर उन्हें 1000 रू. ही दिए जा रहे हैं, जो एक तरह से कटौती है। आज प्रदेश की महिलाएं जानना चाहती है कि 5 लाख जिन महिलाओं का नाम काटा गया है वह सार्वजनिक करें और सरकार को यह स्पष्ट बताना चाहिए कि जो विवाहित महिलाएं हैं, पात्र और जरूरतमंद महिलाओं को महतारी वंदन योजना के लाभ दिलाने के लिए सरकार क्या कर रही है?

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26